RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 96 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 28 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# खास ग्रुप से न्यायपालिका को खतरा

## 500 वकीलों ने CJI को लिखा पत्र, न्यायपालिका को बदनाम करने की कही बात

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश के जाने-माने 500 से ज्यादा वकीलों ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी ने राजनैतिक गलियारे व न्यायपालिका में हलचल मचा दी है। पत्र लिखने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे से लेकर बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा समेत तमाम प्रमुख नाम शामिल हैं। इन वकीलों ने चिट्ठी में न्यापालिका की अखंडता पर खतरे को लेकर चिंता जताई है। इन वकीलों का कहना है कि कुछ 'खास समूह' न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं और कोर्ट के फैसलों पर असर डाल रहे हैं।




पत्र में कहा गया है कि यह समूह राजनीतिक एजेडों के साथ आधारहीन आरोप लगा रहे हैं और न्यायपालिका की छवि के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं।

चिट्ठी में कहा गया है कि भ्रष्टाचार के मामलों में घिरे राजनीतिक चेहरों से जुड़े केसों में यह हथकंडे जाहिर तौर पर दिखते हैं। ऐसे मामलों में अदालती फैसलों को प्रभावित करने और न्यायपालिका को बदनाम करने के प्रयास सबसे अधिक स्पष्ट होते हैं।

पत्र में कहा गया है कि कुछ खास समूह कथित तौर पर झूठे नैरेटिव गढ़ कर न्यायपालिका के कामकाज की गलत छवि पेश करना चाहते हैं। यह समूह इस वक्त की अदालतों की तुलना कोर्ट्स के एक कथित 'स्वर्णिम युग' से करते हैं, ताकि न्यायिक फैसलों को प्रभावित किया जा सके और न्यापालिका पर जनता के विश्वास को डिगाया जा सके।

### सोशल मीडिया से अदालतों पर दबाव : मिश्रा

सीजेआई को प्रमुख वकीलों के पत्र पर बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष, वरिष्ठ वकील मनन कुमार मिश्रा ने कहा कि हमने भारत के मुख्य न्यायाधीश को बताया है कि जिस तरह से कुछ वकीलों ने चुनावी मौसम चुना है और हमारी न्यायपालिका जैसी पवित्र संस्था को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है - इसके पीछे एकमात्र लक्ष्य न्यायपालिका और न्यायाधीशों पर दबाव बनाना है। वे अपनी पसंद का फैसला चाहते हैं। जब भ्रष्टाचार के मामले में शामिल किसी आरोपी को राहत नहीं मिलती है सोशल मीडिया के दुरुपयोग के जरिए अदालतों पर दबाव बनाने की रणनीति अपनाई जाती है ताकि मनमुताबिक फैसला सुनाया जा सके। मुझे लगता है कि देश की जनता और 99 प्रतिशत से ज्यादा जिम्मेदार वकील इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसलिए, सभी हम समझदार वकीलों ने सीजेआई को लिखा है कि सोशल मीडिया पर जो कुछ भी चल रहा है उस पर ध्यान नहीं दिया जाना चाहिए और न्यायपालिका को अपना काम करना चाहिए। यह भ्रष्ट राजनेताओं को बचाने का एक प्रयास है।

## व्यापारी ने लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर की आत्महत्या

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-47 में रहने वाले चीनी व्यापारी ने अपने घर में लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मार कर आत्महत्या कर ली। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में नोएडा पुलिस को पता चला है कि व्यवसाई पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थे।



उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर के थाना सेक्टर-49 प्रभारी अनुज सैनी ने बताया कि सेक्टर 47 के डी ब्लॉक में अनिल कपूर 56 वर्ष अपने परिवार के साथ रह रहे थे। बीती रात्रि वह खाना खाने के बाद अपने कमरे में चले गए। कुछ देर बाद परिजनों को गोली चलने की आवाज सुनाई दी। परिजन तुरंत दौड़कर अनिल कपूर के कमरे में पहुंचे तो वह लहूलुहान पड़े हुए थे। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला है कि चीनी व्यापारी अनिल कपूर पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थे। उनके द्वारा आत्महत्या किए जाने का कोई ठोस कारण भी परिजन नहीं बता पा रहे हैं पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल कर रही है।

**क्राइम फाईल**

### वीडियो लाइक करने के नाम पर ठगा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** साइबर ठग ने निवेश पर बेहतर मुनाफे का लालच देकर एक व्यक्ति से 1624250 हड़प लिए। पीड़ित ने थाना सेक्टर-126 में अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम सुल्तानपुर निवासी सौरभ त्यागी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 6 मार्च को वह अपने फोन पर इंस्टाग्राम चला रहा था। इस दौरान एक वीडियो के जरिए उसने एक आदमी से व्हाट्सएप पर संपर्क किया। उक्त व्यक्ति ने उसे बताया कि यूट्यूब पर वीडियो लाइक करने पर उसे प्रत्येक वीडियो पर 50 रूपये मिलेंगे। उसने उक्त व्यक्ति के कहे मुताबिक वीडियो को लाइक करना शुरू कर दिया। शुरुआत में उसे कुछ अमाउंट मिला। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने जिप कॉइन पर उसका एक अकाउंट बनाया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### चार बदमाशों पर लगाया गैंगस्टर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** संगठित गिरोह बनाकर आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले चार बदमाशों के खिलाफ थाना जारचा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि गैंग लीडर पिंटू पुत्र जगदीश निवासी ग्राम केशवपुर थाना सिकंदराबाद में एक संगठित गिरोह बनाया हुआ है। गिरोह के सदस्य ग्रेटर नोएडा के गांवों में चोरी व नकबजनी की वारदातों को अंजाम देते हैं। उन्होंने बताया कि संगठित गिरोह बनाकर आपराधिक वारदात को अंजाम देने वाले पिंटू, सोनू ,राजेंद्र व सागर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किए गए आरोपियों पर कई मुकदमे पंजीकृत हैं।

### चोरी की बाइक के साथ दबोचा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-63 पुलिस में चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोर के पास से चोरी की एक बाइक व चाकू बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस बहलोलपुर अंडरपास पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक सवार एक युवक पुलिस को देखकर भाग निकला। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### क्रिकेट मैच में झगड़ा दो भाईयों को पीटा

**दादरी ( चेतना मंच )।** क्रिकेट मैच खेलने के दौरान हुए विवाद में कुछ युवकों ने दो भाइयों की पिटाई कर उन्हें घायल कर दिया। मारपीट के दौरान एक युवक की सोने की चेन व अंगूठी भी गुम हो गई। मोहल्ला न्यादरगंज निवासी मोहित शर्मा ने बताया कि वह 26 मार्च की शाम को क्रिकेट मैच खेल रहे थे। मैच के दौरान नितिन उर्फ टिंकू ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। उसने जब इस बात का विरोध किया था नितिन ने मारपीट शुरू कर दी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## डंपिंग ग्राउंड में कई दिनों से सड़ रहा था युवक का शव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर-71 स्थित डंपिंग ग्राउंड से एक युवक का सड़ा गला शव बरामद हुआ है। वहीं थाना दादरी क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

थाना फेस-3 प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-71 के डंपिंग ग्राउंड में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई तो उसकी पहचान कानपुर निवासी मुकेश दिवाकर के रूप में हुई। मुकेश दिवाकर हाल में मामूरा गांव में रह रहा था। उन्होंने बताया कि शव 5-6 दिन पुराना होने के कारण सड़ गल गया है। मुकेश पिछले कई दिनों से घर से लापता था लेकिन उसके परिजनों ने उसकी गुमशुदगी भी दर्ज नहीं कराई। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**ट्रेन की चपेट में आकर मरा**

वहीं दादरी रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक (शेष पृष्ठ-3 पर)

## युवक व दो महिलाओं ने लगाई फांसी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** मानसिक तनाव लोगों पर इस कदर भारी पड़ रहा है कि वह आत्महत्या जैसा घातक कदम उठाने से भी नहीं चूक रहे हैं। थाना फेस-2 क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर एक युवक व दो महिलाओं ने फांसी लगाकर जान दे दी।

थाना क्षेत्र के इलाहाबास गांव में किराए पर रहने वाले कृष्ण कुमार को कमरे में फांसी के फंदे पर लटका देखकर पड़ोसी ने मकान मालिक को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कृष्ण कुमार एक निजी कंपनी में काम करता था। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

इलाहाबास गांव में किराए पर रहने वाला बबलू किसी काम से घर से बाहर गया था कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी पत्नी अर्चना उसे (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दिल्ली से नोएडा आई गर्लफ्रेंड की हत्या

### युवक ने ब्लेड से वार कर किया आत्महत्या का प्रयास

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के छिजारसी कॉलोनी में एक युवक ने अपनी महिला मित्र की हत्या कर दी। युवती का शव युवक के कमरे से बरामद हुआ है। युवती के गले पर दबाए जाने के निशान मिले हैं। युवक ने खुद के गले पर भी ब्लेड से वार कर अपनी जान लेने का भी प्रयास किया। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।



थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि बीती रात्रि पुलिस को सूचना मिली कि छिजारसी कॉलोनी में रहने वाला ग्राम गढ़वार जनपद बलिया निवासी धनंजय कुमार के कमरे में उसकी महिला मित्र का शव पड़ा हुआ है। धनंजय कुमार के गले पर भी काटे जाने का निशान है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटनास्थल पर निरीक्षण के लिए फील्ड यूनिट को बुलवा कर सबूत एकत्रित किए गए। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतका का नाम निशा पुत्री ओमप्रकाश है और वह धनंजय कुमार के गांव की ही रहने वाली है। निशा हाल में दल्लू पुरा दिल्ली में रह रही थी। निशा की धनंजय से दोस्ती थी। निशा बुधवार को धनंजय के पास आई थी। किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई थी।

थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। इस मामले में धनंजय को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है।




लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए शहर के पेट्रोल पंप स्टेशन पर भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### झगड़े के दौरान महिला के सिर पर मारी ईंट

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सलारपुर में दबंगों ने दुकान पर सामान खरीद रहे युवक के साथ मारपीट की परिजनों ने जब झगड़ा शांत करना चाहा तो आरोपियों ने पिस्तौल से गोली चला दी।

सलारपुर गांव निवासी अंकित भाटी ने बताया कि वह तथा उसका भाई दुकान पर सामान खरीद रहा था। इस दौरान शरद, अरुण पुत्र प्रवेश भाटी तथा दो अन्य लोग उसके भाई के साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे। वह तथा उसकी मौसी मैना मौके पर पहुंचकर झगड़े को शांत कराने लगे। इस दौरान अरुण ने अवैध पिस्तौल से जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। इस दौरान शरद ने उसकी मौसी के सर में ईंट मारकर उन्हें घायल कर दिया। आसपड़ोस के लोगों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह झगड़े को शांत कराया इसके बाद वह गंभीर स्थिति में अपनी मौसी को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा।

### अरूण विहार में पानी की टंकी को लेकर मारपीट

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-37 अरुण विहार में छत पर रखी पानी की टंकी का वॉल बंद करने के विवाद में पड़ोसी के रिश्तेदारों ने मारपीट की। आरोपियों ने पड़ोसी की पत्नी तथा उनकी वृद्ध माँ के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित में थाना सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज कराया है।

अरुण विहार में रहने वाले बृजेश सिंह ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले सौरभ चावला ने बीते दिनों छत पर रखी पानी की टंकी का बाल बंद कर दिया। इसको लेकर उन्होंने नोएडा प्राधिकरण व पुलिस में शिकायत की। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### चार जगह चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** चोरों ने अलग-अलग स्थान पर चोरी की चार घटनाओं को अंजाम दिया। चोर लैपटॉप, मोबाइल फोन जेवरात नगदी व कार का ईसीएम चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

थाना सूरजपुर क्षेत्र के रूद्र एनक्लेव दो में रहने वाले श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि 26 मार्च की रात्रि को चोरों ने उनके घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया कर उनके घर से लाखों रुपए के सोने चांदी के जैवरात व नगदी को चोरी कर ले गए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### नोएडा से दो लड़कियों का अपहरण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के अलग-अलग स्थान से दो लड़कियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने दो युवकों के खिलाफ बहला फुसलाकर अपहरण करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-27 में रहने वाली फातिमा (काल्पनिक नाम) ने बताया कि बीते 23 मार्च को उसकी (17 वर्षीय) बेटी घर से लापता हो गई। उन्होंने इसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। खोजबीन के दौरान उन्हें पता चला कि अक्षत नाम का युवक अपने दोस्त लड्डू के सहयोग से उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भाग ले गया है। अक्षत पिछले 1 साल से उनकी बेटी का पीछा कर रहा था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मेट्रो पार्किंग में दिल्ली पुलिस के सिपाही पर हमला

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-63 की मेट्रो पार्किंग में हुई कहासुनी में सीआईएसएफ कर्मी व पार्किंग कर्मचारियों ने दिल्ली पुलिस के सिपाही के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घायल पुलिसकर्मी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्राम डबरा निवासी धनेश कुमार ने बताया कि उसका भाई पवन कुमार दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल में कार्यरत है। 22 मार्च को अपने ऑफिशियल कार्य से वह नोएडा आए थे काम खत्म करने के बाद वह सेक्टर-63 मेट्रो से घर के लिए जा रहे थे। सेक्टर-63 मेट्रो पार्किंग में किसी बात को लेकर उनकी पार्किंग कर्मियों से कहा सुनी हो गई। इस दौरान सीआईएसएफ की वर्दी पहने एक व्यक्ति ने उनके भाई पवन कुमार के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर हेलमेट से हमला कर दिया। इस दौरान पार्किंग में काम करने वाले लोगों ने भी लाठी डंडों से पवन कुमार के साथ मारपीट की। झगड़ा होता देखकर कुछ लोगों ने बीच बचाव किया जिसके बाद उनका भाई घर आ गया। रात्रि में उनके भाई पवन कुमार की हालत अचानक बिगड़ गई जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने थाना सेक्टर-63 में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### पॉश सेक्टर में कार पार्किंग को लेकर वृद्ध को पीटा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-15 में गाड़ी खड़ी करने के विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपने परिजनों के साथ मिलकर वृद्ध व्यक्ति के साथ मारपीट की अपने पिता को बचाने आए बेटे के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना फेस वन में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-15ए ब्लॉक में रहने वाले सुरेश चंद गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपनी कार ओपन जिम पार्क के पास खड़ी कर दी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### मायके से 10 लाख रुपये न लाने पर विवाहिता का गला दबाया

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी में एक व्यक्ति ने अपनी बेटी के ससुराल वालों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित, मारपीट करने तथा जान से मारने का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

दादरी निवासी राकेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसने अपनी बेटी प्रिया (काल्पनिक नाम) की शादी 20 मई 2022 को ग्राम गढ़ी माजरा निवासी अंकित भाटी के साथ की थी। शादी के समय उसने अपनी हैसियत अनुसार दान भेज दिया था। इसके बावजूद भी उसकी बेटी के ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे। शादी के कुछ समय बाद ही उसकी बेटी के साथ दहेज को लेकर मारपीट की जाने लगी।

23 मार्च को उसकी बेटी के साथ उसके पति अंकित भाटी व ससुराल वालों ने दहेज में मायके से 10 लाख रुपए लाने के लिए दबाव बनाया। उसकी बेटी प्रिया ने जब मायके से पैसे लाने से इनकार किया तो अंकित भाटी व उसके परिजनों ने गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया और मारपीट की।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अंकित भाटी, सुदेश, सोनम, कोमल, प्रिया, शिवम आदि के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है।



## दोहरा रवैया

आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान दोहरा रवैया अख्तियार करता रहा है। एक तरफ तो वह भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों को हथियार की तरह इस्तेमाल करता रहा है, मगर दूसरी तरफ अपने ही बलूचिस्तान इलाके में आतंकवाद से लड़ना उसके लिए चुनौती बना हुआ है। सोमवार को बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद शहर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने हमला किया और गोली बरसाते हुए अंदर घुसने का प्रयास किया। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला किया, जिसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई। इन दोनों हमलों की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी नाम के आतंकी संगठन ने ली है। सैनिक ठिकानों या फिर चीनी नागरिकों पर ये हमले नए नहीं हैं और न ये केवल बलूचिस्तान प्रांत तक सीमित हैं। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी वहां इस कदर ताकतवर है कि वह जब-तब पाकिस्तानी सुरक्षाबलों को चुनौती देती रहती है। पाकिस्तानी सेना और पुलिस ने बलूचिस्तान प्रांत से आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने के इरादे से हर तरह के कड़े कदम उठाए हैं, वहां के बेगुनाह लोगों पर भी खूब अत्याचार किए हैं, मगर उनके इरादे कमजोर करने में उन्हें कोई कामयाबी नहीं मिल पाई है। दरअसल, बलूचिस्तान प्रांत के लोगों का मानना है कि पाकिस्तान सरकार उनके प्रांत के हितों की अनदेखी करती है। फिर, उस इलाके के लोग पाकिस्तान में चीन की बढ़ती दखल का पुरजोर विरोध करते रहे हैं। उनकी कहना है कि चीन उनके इलाके में घुस कर उनके संसाधनों का दोहन कर रहा है। दरअसल, पाकिस्तान में 'चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे' के तहत कई परियोजनाएं चल रही हैं। बलूचिस्तान प्रांत के लोग उनका विरोध करते रहे हैं। इससे पहले भी चीनी नागरिकों पर कई बार हमले हो चुके हैं। ताजा हमला उसी की एक कड़ी है। मगर पाकिस्तान हुकूमत की मजबूरी यह है कि वह इन परियोजनाओं के नाम पर चीन से काफी पैसा ले चुकी है और इन दिनों जिस आर्थिक बदहाली के दौर से देश गुजर रहा है, उसमें वह चीन का दामन छोड़ नहीं सकती। चीन से उसकी दोस्ती न केवल आर्थिक कारणों से, बल्कि भारत के साथ तनावपूर्ण रिश्तों की वजह से भी है। चीन से दोस्ती करके वह भारत पर मानसिक दबाव बनाने की कोशिश करता है, मगर हकीकत यह है कि अपनी इस लचर रणनीति में वह खुद चीन के पंजे में अपनी गर्दन फंसा चुका है। अगर वह बलूचिस्तान प्रांत के लोगों के विरोध पर गंभीरता दिखाता, तो शायद आतंकवादी उसे अपने हथियार के तौर पर इस्तेमाल नहीं कर पाते। बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवाद इतना ताकतवर हो चुका है कि उसके चलते पाकिस्तान को ईरान और अफगानिस्तान के साथ रिश्तों में संतुलन साधना भी कठिन हो गया है। कुछ महीने पहले ही ईरान ने बलूचिस्तान प्रांत के कुछ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने भी उसके इलाके में हवाई हमले किए। विचित्र है कि जब भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के विरुद्ध जंग छेड़ने की बात उठती है, तो पाकिस्तान उसमें सहयोग करने का आश्वासन देता है, मगर हकीकत यह है कि वह आतंकवादियों का सबसे सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है। पाकिस्तान खुद भी इस बात से वाकिफ है कि उसकी तरक्की के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा आतंकवाद है, मगर वह उस पर अंकुश लगाने को लेकर कभी संजीदा नजर नहीं आता।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि (ब्राह्मण ने कहा- ) हे प्रभो! यदि आप मुझ पर प्रसन्न हैं और हे नाथ! यदि इस दीन पर आपका स्नेह है, तो पहले अपने चरणों की भक्ति देकर फिर दूसरा वर दीजिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**तव माया बस जीव जड़ संतत फिरइ भुलान।**
**तेहि पर क्रोध न करिअ प्रभु कृपासिंधु भगवान॥**

हे प्रभो! यह अज्ञानी जीव आपकी माया के वश होकर निरंतर भूला फिरता है। हे कृपा के समुद्र भगवान! उस पर क्रोध न कीजिए॥

**संकर दीनदयाल अब एहि पर होहु कृपाल।**
**साप अनुग्रह होइ जेहिं नाथ थोरेहीं काल॥**

हे दीनों पर दया करने वाले (कल्याणकारी) शंकर! अब इस पर कृपालु होइए (कृपा कीजिए), जिससे हे नाथ! थोड़े ही समय में इस पर शाप के बाद अनुग्रह (शाप से मुक्ति) हो जाए॥

**एहि कर होइ परम कल्याना। सोइ करहु अब कृपानिधाना॥**
**बिप्र गिरा सुनि परहित सानी। एवमस्तु इति भइ नभबानी॥**

हे कृपानिधान! अब वही कीजिए, जिससे इसका परम कल्याण हो। दूसरे के हित से सनी हुई ब्राह्मण की वाणी सुनकर फिर आकाशवाणी हुई- 'एवमस्तु' (ऐसा ही हो)॥

**जदपि कीन्ह एहिं दारुन पापा। मैं पुनि दीन्हि कोप करि सापा॥**
**तदपि तुम्हारि साधुता देखी। करिहउँ एहि पर कृपा बिसेषी॥**

यद्यपि इसने भयानक पाप किया है और मैंने भी इसे क्रोध करके शाप दिया है, तो भी तुम्हारी साधुता देखकर मैं इस पर विशेष कृपा करूँगा॥

**छमासील जे पर उपकारी। ते द्विज मोहि प्रिय जथा खरारी॥**
**मोर श्राप द्विज ब्यर्थ न जाइहि। जन्म सहस अवस्य यह पाइहि॥**

हे द्विज! जो क्षमाशील एवं परोपकारी होते हैं, वे मुझे वैसे ही प्रिय हैं जैसे खरारि श्री रामचंद्रजी। हे द्विज! मेरा शाप व्यर्थ नहीं जाएगा। यह हजार जन्म अवश्य पाएगा॥ (क्रमशः....)

# मदरसा शिक्षा पर गहराते संकट के मायने

किसी भी धर्मनिरपेक्ष देश में अलग-अलग धार्मिक मान्यताओं व परम्पराओं को संरक्षण और बढ़ावा देना कोई अनुचित बात नहीं है। लेकिन जब सत्ताधारी दल द्वारा वोट बैंक के नजरिए से किसी धर्म को शह दिया जाए और किसी धर्म को नजरअंदाज किया जाए, तो यह गलत बात है। वहीं, विपक्षी दल द्वारा भी ऐसा किया जाना ठीक नहीं है। इस नजरिए से भारतीय धर्मनिरपेक्षता सदैव शक के कठघरे में खड़ा रहती आई है।

खासकर धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए जो कुछ पक्षपाती प्रावधान वक्त दर वक्त तय किए गए, वो जब न्यायालय के समक्ष किसी जनहित याचिका के माध्यम से प्रस्तुत किये जाते हैं तो तर्क और नियमन की कसौटी पर कदापि नहीं टिक पाते। कतिपय मामलों में बहुसंख्यक धर्मावलंबियों को भी जब टारगेट करने की कोशिश की गई, तो वो प्रावधान भी कोर्ट में टिक नहीं पाए।

हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज ने यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को असंवैधानिक करार दिया और कहा कि यह कानून धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ भी है, जो संविधान के मूल ढांचे का अंग है। यही वजह है कि हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को योजना बनाकर इन मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों को बुनियादी शिक्षा व्यवस्था में समायोजित करने का निर्देश दिया। इससे एक बात साफ हो चुकी है कि अब उत्तरप्रदेश में सरकारी सहायता प्राप्त 560 से अधिक मदरसों पर ताला लगेगा।

उल्लेखनीय है कि कोर्ट में याचिकाकर्ता अंशुमान सिंह राठौड़ ने मदरसा बोर्ड की संवैधानिकता को चुनौती देते हुए मदरसों का प्रबंधन केंद्र व राज्य सरकार के स्तर पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से किये जाने के औचित्य पर सवाल उठाए थे। वहीं, याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार ने कोर्ट में कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि बोर्ड धार्मिक शिक्षा दे रहा है, पर राज्य सरकार को ऐसी शिक्षा देने का संवैधानिक अधिकार है। धार्मिक शिक्षा और निर्देश देना, वर्जित या अवैध नहीं है। हां, यह बात अलग है कि ऐसे धार्मिक शिक्षा के लिए अलग से बोर्ड जरूरी है, जिसमें उसी धर्म के लोग हों।



**हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज ने यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को असंवैधानिक करार दिया और कहा कि यह कानून धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ भी है, जो संविधान के मूल ढांचे का अंग है।**

बता दें कि इस मामले में याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि मदरसा अधिनियम धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों व शिक्षा के अधिकार कानून का उल्लंघन करता है, जो संविधान की मूल संरचना है। उन्होंने सवालिया लहजे कहा कि मदरसों में इसे दीनी तालीम तक सीमित कर दिया गया है, जो छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन करता है। वहीं, बोर्ड में सिर्फ मुस्लिम सदस्यों को शामिल किया गया, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। समझा जाता है कि इसी परिप्रेक्ष्य में उपर्युक्त न्यायिक आदेश मिला है।

इस मामले में जस्टिस विवेक चौधरी व जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की खण्डपीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए इस कानून को अधिकार से परे (अल्ट्रावायर्स) भी बताया। इसलिए सरकार का यह फर्ज बनता है कि ऐसे सभी प्रावधानों की प ?ताल करे और जनहित में सबकी एकरूपता सुनिश्चित करे। ऐसा किया जाना भारतीय धर्मनिरपेक्षता के हित में होगा। हालांकि, आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा, आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे।

वहीं, यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन इफ्तिखार अहमद जावेद ने कहा है कि फैसले का अध्ययन करने के बाद अगले कदम पर फैसला होगा। इस बात में कोई दो राय नहीं कि 20 साल बाद इस पकानून को असंवैधानिक करार दिया गया है। इसमें कहीं चूक हुई है। हमारे वकील कोर्ट के समक्ष मामले को सही तरीके से नहीं रख सके। उन्होंने कहा, मदरसे बंद होंगे तो कई शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे।

इस प्रकार स्पष्ट है कि उत्तरप्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड कानून को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के बाद अगर अनुदानित मदरसे बन्द कर दिए जाते हैं तो वहां कार्यरत करीब 10,200 शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की रोजी-रोटी पर संकट ख ?ा हो जाएगा। बता दें कि वर्तमान में मदरसा शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त तहतानिया कक्षा 1 से 5, फौकानिया कक्षा 5 से 8 और आलिया व उच्च आलिया स्तर यानी हाई स्कूल या इससे ऊपर के लगभग 16,460 मदरसे हैं। जिनमें मुंशी मौलवी हाई स्कूल समकक्ष, आलिम इंटर समकक्ष, कामिल स्नातक और फाजिल परास्नातक के समकक्ष पढ़ाई होती है।

उल्लेखनीय है कि इन मदरसों को संचालित करने के लिए वर्ष 2004 में बने मदरसा एक्ट को हाई कोर्ट ने असंवैधानिक करार दिया है। जिसके बाद मदरसों में पढ़ाने वाले शिक्षकों व कर्मचारियों की नौकरी पर तलवार लटक गई है। वहीं, इस बारे में मदरसा शिक्षा परिषद की रजिस्ट्रार डॉ प्रियंका अवस्थी ने बताया कि मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त 16,460 मदरसों में 13 लाख 83 हजार 107 विद्यार्थी शिक्षा हासिल कर रहे हैं। वहीं, इनमें शामिल 560 अनुदानित मदरसों में 1 लाख 92 हजार 317 विद्यार्थी शिक्षा हासिल कर रहे हैं। लिहाजा, हाई कोर्ट के आदेश के बाद मदरसों के शिक्षा पा रहे इन 13 लाख से अधिक विद्यार्थियों के भविष्य पर अंधेरा छा गया है।

गौरतलब है कि उत्तरप्रदेश में 25,000 मदरसे हैं। जिनमें मदरसा बोर्ड से 16,512 को मान्यता प्राप्त है। उनमें से 560 को सरकारी सहायता मिलती है। वहीं, लगभग 8500 मदरसे बिना मान्यता प्राप्त हैं। कहना न होगा कि उच्च न्यायालय का यह फैसला ऐसे वक्त पर आया है, जब राज्य सरकार के निर्देश पर एसआईटी राज्य में अवैध मदरसों की जांच कर रही है।

सर्वविदित है कि इन मदरसों को विदेश से मिलने वाली आर्थिक मदद की जांच के लिए पिछले साल अक्टूबर में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। इसकी जांच में अबतक 13000 मदरसे अवैध पाए गए हैं, जिन्हें बन्द करने की तैयारी चल रही है।

बहरहाल, उच्च न्यायालय के ताजा आदेश से सरकार के दृष्टिकोण को बल मिला है। बावजूद इसके, इस मामले में फूंक-फूंक कर कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि सम्प्रदाय विशेष में कोई गलत संदेश नहीं जाए। बेहतर तो यह होगा कि ऐसे सभी कानूनों की जांच राष्ट्रीय स्तर पर की जाए और समय रहते ही उन्हें समनुरूप बनाया जाए, ताकि एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में धार्मिक वैमनस्यता विकसित नहीं हो पाए।

**- कमलेश पांडेय**
**वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार**

## हमारी शान है असमानता (व्यंग्य)

पिछले दिनों फिर से जारी की एक रिपोर्ट ने, फिर से विदेशियों की सोच को उजागर कर दिया। मेरे दिल ने इसे बिना सोचे समझे बोला झूठ करार दिया। इस रिपोर्ट को विश्व असमानता रिपोर्ट कहते हैं। यह गलत कहा जा रहा है कि हमारे यहां अमीरों और गरीबों के बीच, अंग्रेजों के शासन से भी ज्यादा असमानता का मौसम है। कितनी गलत बात है आजादी के लगभग सतहत्तर साल बाद कैसी बातें की जा रही है। लगता है विदेशों की साजिशें कम नहीं हुई। उन्होंने कहना शुरू कर दिया है कि देश की चालीस प्रतिशत संपत्ति एक प्रतिशत अमीरों के पास है। यह भी कह रहे हैं कि ऐसा सौ साल में पहली बार हुआ है।

यह तो खुशी की बात है कि सौ साल में पहली बार हुआ है। यह तो एक रिकार्ड की तरह हुआ न। हमें तो रिकॉर्ड बनाना वैसे भी बहुत पसंद है। बढ़ोतरी तो बढ़ोतरी ही होती है। इस रिपोर्ट को 'अरबपति राज का उदय' कहा जा रहा है जो एक महान ऐतिहासिक फिल्म का नाम जैसा लगता है। समाज में गरीबों का बढ़ना अच्छा माना जाएगा या अरबपतियों का, जाहिर है अरबपतियों का। उनका निर्माण तो पैसे से ही होगा और जो पैसा लगाएगा वही कमाएगा और उसकी सफलता का फल पाएगा।

कुछ लोगों का कहना है यह रिपोर्ट किसी गांव के प्रधान ने तैयार नहीं की है बल्कि फ्रांस, अमेरिका, पेरिस जैसे शहरों में रहने वाले अर्थशास्त्रियों ने पकाई है तभी तो स्वादिष्ट है। इसके स्वाद से लगता है हम विकसित, चमकदार नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ते सांस्कृतिक समाज का शानदार हिस्सा हैं। रही असमानता वह तो हमें शुरू से ही पसंद है। हम तो सृष्टि की उत्कृष्ट रचनाओं बालक और बालिकाओं में भी भेदभाव करते हैं। हम तो दूसरों की उन्नति में खुश रहने वाले लोग हैं। हम नम्बर गेम में विशवास नहीं करते। इस बात का बिलकुल बुरा नहीं मानते कि विश्व हैप्पीनेस सूचकांक में हमारा स्थान कौन सा है।



**कुछ लोगों का कहना है यह रिपोर्ट किसी गांव के प्रधान ने तैयार नहीं की है बल्कि फ्रांस, अमेरिका, पेरिस जैसे शहरों में रहने वाले अर्थशास्त्रियों ने पकाई है तभी तो स्वादिष्ट है। इसके स्वाद से लगता है हम विकसित, चमकदार नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ते सांस्कृतिक समाज का शानदार हिस्सा हैं।**

संयुक्त राष्ट्र नाम की किसी संस्था की यह रिपोर्ट विदेशों की साजिश है। वे भी हमारे राजनीतिक और धार्मिक विकास से जलते हैं तभी इस तरह की रिपोर्ट्स पकवाते हैं।

पिछले दिनों कह रहे थे कि दुनिया के एक सौ तिरतालिस देशों में खुशी की एक सौ छबीसवीं सीढी पर हम बैठे हैं। उनके अनुसार हमारा निकट पड़ोसी हमारे से ऊँची पायदान पर है लेकिन आतंक, भ्रष्टाचार, गरीबी और राजनीतिक अस्थिरता की कमियों में खुश है। हो नहीं सकता कि हमारा समझदार समाज तीसरी विश्व आर्थिक ताकत बनने के बावजूद नाखुश हो। यह रिपोर्ट भी कुछ ऐसे गलत लोगों द्वारा बनाई गई लगती है जो हमसे प्यार नहीं करते या हमसे नहीं डरते। कैसे कैसे लोग शामिल होंगे इस रिपोर्ट को गढ़ने में जो हमारे देश के सामने, छोटे से बच्चे जैसे देश फिनलैंड को सातवीं बार सबसे खुशहाल देश बता रहे हैं। कहां हम कहां वो। वैसे हम बड़े दिलवाले ऐसी छोटी छोटी बातों की परवाह नहीं करते। इतने बड़ी दुनिया में थोड़ी बहुत असमानता तो चलती है।

**- संतोष उत्सुक**

## राशिफल

चैत्र कृष्ण : तृतीया | (विक्रम संवत् 2080)



**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
वंडरफुल समय। स्वास्थ्य बहुत अच्छा, प्रेम संतान की स्थिति बहुत अच्छी, व्यापारिक दृष्टिकोण से बहुत अच्छा समय।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। यद्यपि, शुभ कार्यों में खर्च होगा लेकिन फिर भी मन परेशान रहेगा।



**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। यद्यपि, शुभ कार्यों में खर्च होगा लेकिन फिर भी मन परेशान रहेगा।



**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शाम तक आय में आशातीत बढ़ोतरी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे।



**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट कचहरी के मामले में विजय मिलेगी। पिता का साथ होगा।



**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चोर चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। यद्यपि, गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी।



**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। प्रेमी प्रेमिका की मुलाकात होगी। आनंद की प्राप्ति होगी।



**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रु भी मित्र बनने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा। पीली वस्तु पास रखें।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
विद्यार्थियों के लिए अति उत्तम समय, प्रेम के लिए अति उत्तम समय, संतान के लिए अति उत्तम समय।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भौतिक सुख संपदा में वृद्धि होगी। घर में कुछ उत्सव सा माहौल रहेगा। भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
व्यापार का विस्तार होगा। अपनों का साथ होगा। परेशानी दूर होगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
शब्द साधक की तरह दिखाई पड़ेंगे। वाणी से जिसको चाहेंगे अपनी मुट्ठी में कर लेंगे। धन का आवक बढ़ेगा।



भारतीय किसान यूनियन ( बलराज ) संगठन के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना सेक्टर-142 नोएडा शहदरा गांव में आज 42वें दिन जारी है।

# यज्ञ को लेकर हुई बैठक




**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-81 में होने वाले यज्ञ एवं श्रीराम कथा की तैयारी को लेकर यज्ञ स्थल पर भूमि पूजन एवं एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें यज्ञ के कर्ताधर्ता सुभाष भाटी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि यज्ञ को पूर्ण करने को लेकर हर रोज आयोजन समिति की बैठक हो रही है। बैठक में यज्ञ भव्य हो और दूरदराज से लोग आएं इसको लेकर प्रचार-प्रसार का काम भी किया जा रहा है।

## मारपीट कर किया घायल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी के नेता चौ. हसरूदुदीन राजपूत के भतीजे नेक मोहम्मद को गत दिवस दिल्ली में कुछ अराजक तत्वों ने उस पर हमला कर घायल कर दिया।

घटना की सूचना पर सपा नेता चौ. हसरूदुदीन मौके पर पहुंचे और स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भतीजे नेक मोहम्मद को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# गौ-तस्कर मुठभेड़ के दौरान घायल

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने चेकिंग के दौरान गौमांस की तस्करी में शामिल



एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश पिछले दिनों थाना क्षेत्र लोनी बॉर्डर में प्रतिबंधित पशुओं के मांस से भरी हुई एक बोलोरो पिकअप को छोड़कर भाग गया था।

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस, स्वाट टीम ग्रामीण जोन पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग की जा रही थी चौकी लाल बाग क्षेत्र में पुलिस द्वारा जब चेकिंग की जा रही थी कि तभी एक मोटर साइकिल पर आ रहे दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया तो पुलिस टीम को देखकर हड़बड़ा कर वापस मोटर साइकिल मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे जिसके कारण मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई जिसके बाद एक बदमाश को पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही पकड़ लिया गया तथा दूसरा बदमाश पुलिस टीम को निशाना कर जानलेवा फायर करने लगा। पुलिस टीम द्वारा भी आत्मरक्षार्थ फायर किया गया जिसमें 1 बदमाश घायल हो गया तथा अन्य दूसरा बदमाश भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा गया।

# भाजपा ने की बूथों पर टिफिन बैठक का आयोजन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा गौतमबुधनगर के कार्यकर्ताओं ने 1000 हज़ार से अधिक बूथों पर टिफ़िन बैठक का आयोजन किया । बूथ टिफ़िन बैठक पर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि एक हज़ार से अधिक बूथों पर कार्यकर्ताओं के द्वारा सामूहिक टिफ़िन भोजकर बूथ बैठक में बूथ जीता चुनाव जीता के लिये बूथों पर समीक्षा चर्चा की गई ।

इस अवसर पर मुख्यरूप से जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज मनोज गर्ग धर्मेन्द्र कोरी मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य रवि जिन्दल पवन रावल सुनील भाटी सत्यपाल शर्मा गुरुदेव भाटी महेन्द्र नागर महेश शर्मा मनोज भाटी संजय भाटी रिंकु भाटी अमित शर्मा सुनील शर्मा राजीव सिंघल विजय रावल सचिन शर्मा दिनेश भाटी आदि सैकड़ों सैकड़ों कार्यकर्ता सामूहिक टिफनि भोज बैठक पर उपस्थित रहे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**नोएडा से दो लड़कियों ....**

सेक्टर-27 में रहने वाली मंजू (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी (14 वर्षीय) बेटी बीते 24 मार्च से घर से लापता है। काफी तलाशने पर भी उनकी बेटी का कोई पता नहीं चला। उन्होंने पड़ोस में रहने वाले प्रशांत राम नामक व्यक्ति पर अपनी बेटी को बहला फुसलाकर भाग ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। मंजू का कहना है कि जिस दिन से उसकी बेटी गायब हुई है उस दिन से प्रशांत राम भी अपने घर से लापता है।

**वीडियो लाइक करने के ...**

उसके बाद उसने कॉइन परचेस करने पर बेहतर मुनाफा का लालच दिया। उक्त व्यक्ति की बातों में आकर उसने 1624250 विभिन्न अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। उसने जब अपने मुनाफा की मांग की तो उक्त व्यक्ति ने 350556 रुपए और जमा करने को कहा। ठगे जाने का एहसास होने पर उसने जमा की गई धनराशि वापस मांगी तो उक्त व्यक्ति ने पैसे देने से इनकार कर दिया और उसे टेलीग्राम ग्रुप से बाहर कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

**चोरी की बाइक...**

संदेह के आधार पर पुलिस ने बाइक सवार का पीछा किया। इस दौरान युवक की बाइक स्लिप हो गई और वह सड़क पर गिर गया पुलिस ने बाइक सवार को दबोच लिया। तलाशी उसके पास एक चाकू बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विक्की कुमार पुत्र राम इकबाल महतो विजयनगर गाजियाबाद बताया। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि उसके पास से मिली बाइक चोरी की है। उसने करीब एक माह पूर्व इसे थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी-2 से चोरी किया था।

**क्रिकेट मैच में झगड़ा, ...**

उसे बचाने आए उसके बड़े भाई कपिल पर भी उसने क्रिकेट बैट से प्रहार कर दिया।

इस दौरान नितिन उर्फ टिंकू ने फोन कर अपने अन्य साथियों को बुला लिया। मौके पर पहुंचे विशाल, अनुज, उदयवीर, संजीव, दीपांशु भाटी, असलम अली ने दोनों भाइयों के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उसके भाई की सोने की चेन व अंगूठी भी गुम हो गई। मारपीट के बाद सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत के आधार पर थाना दादरी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश कर रही है।

**पॉश सेक्टर में कार....**

इस दौरान पड़ोस में रहने वाले ऋषि शर्मा ने कार खड़ी करने पर आपत्ति जताई और झगड़ा करना शुरू कर दिया। उन्होंने जब गाली गलौज का विरोध किया तो ऋषि शर्मा व उनके परिजनों ने उनके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उन्हें ऋषि व उसके परिजनों ने जमीन पर गिरा लिया। झगड़ा होता देखकर जब उनका बेटा उन्हें बचाने आया तो उसके साथ में मारपीट की गई। शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर आ गए। इसके बाद ऋषि शर्मा ने धमकी दी कि अगर दोबारा कार पार्क के पास खड़ी की तो उसे तथा उसके बेटे को जान से मार दिया जाएगा। धमकी देने के बाद आरोपी मौके से चले गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना फेस वन पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**चार जगह.....**

इसी थाना क्षेत्र के तिलक का गांव के मंदिर में रखे दान पत्र से चोरों ने 3 हजार रूपए चोरी कर लिए। इस संबंध में अक्षय भाटी ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के चौड़ा गांव में किराए पर रहने वाले प्रियांशु गुप्ता के कमरे से चोरों ने लैपटॉप व मोबाइल फोन चोरी कर लिया।

सेक्टर-53 में रहने वाले ऋषिकेश प्रजापति ने थाना सेक्टर-24 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीते दिनों घर के बाहर खड़ी कार का ईसीएम चोरी हो गया। पड़ोसियों से मिली सूचना के बाद उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।

**अरूण विहार में पानी....**

पुलिस ने कई बार सौरभ चावला को बुलाकर मामले को सुलझाने का प्रयास किया लेकिन सौरव चावला मौके पर नहीं आए। बृजेश सिंह के मुताबिक नोएडा प्राधिकरण की टीम तथा पुलिस के कहने पर वह पानी शुरू करने के लिए पलंबर का सामान लेने के लिए दुकान पर गए थे। इस दौरान सौरभ चावला के साले राहुल उसके भाई तथा कुछ महिलाओं ने उनके पत्नी संतोष और 74 वर्षीय मां के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उनकी बेटी मोबाइल से वीडियो बना रही थी तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**युवक व दो महिलाओं ....**

फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। उसने पड़ोसियों की मदद से अर्चना को फंदे से नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अर्चना पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थी।

वही पूर्वी चंपारण बिहार निवासी राकेश शाह अपनी पत्नी व तीन बच्चियों के साथ भंगेल की कुंडा कॉलोनी में किराए पर रह रहा है। बीती शाम किसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच वाद विवाद हो गया। राकेश शाह घर से बाहर चला गया कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो उसे संजय देवी फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**डंपिंग ग्राउंड में ....**

की मौत हो गई। जीआरपी दादरी ने युवक की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आसपास के थाना क्षेत्र की पुलिस को युवक की मौत की जानकारी दी गई है।

## बेहतर रिटर्न का झांसा देकर फंसाने वाले दबोचे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** टीवी पर एडवर्टाइजमेंट लगवाने के लिए पैसे इन्वेस्ट कर बेहतर रिटर्न देने का झांसा देकर पैसे ठगने वाले दो आरोपियों को थाना सेक्टर-24 पुलिस ने गिरफ्तार किया है इनके पास से चार लैपटॉप, तीन मोबाइल, फोन कॉलिंग सीट आदि बरामद हुई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को शिकायत मिली थी कि कुछ लोग भोले वाले लोगों को उनके संस्थान पर टीवी लगाने व उस पर एडवर्टाइजमेंट चलाने के लिए पैसे ले रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम सेक्टर 11एफ ब्लॉक में चल रही कंपनी पर पहुंची। पुलिस को देखकर दो लोगों ने भागने का प्रयास किया और कॉलिंग डाटा को छुपाने लगे। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम मोहम्मद अंसारी तथा सोमेल सिंह बताया। दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्हें कॉलिंग डाटा शीट डीबी परिहार द्वारा उपलब्ध कराई जाती है उत्तर सीट पर अंकित मोबाइलों फोन नंबरों पर फोन कर वह लोगों को उनके संस्थान पर टीवी लगाने व उसे पर एडवर्टाइजमेंट चलाने के नाम पर पैसे लेते थे और रिटर्न में उन्हें कुछ नहीं देते थे। पैसे लेने के बाद वह लोगों के नंबर ब्लॉक कर देते थे और कुछ समय बाद अपना नंबर भी बदल लेते थे। आरोपियों ने बताया कि वह पिछले काफी समय से इस फर्जीवाड़े को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस उनके तीसरे साथी डीवी परिहार की तलाश कर रही है।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# भू-माफियाओं ने प्लॉट पर किया कब्जा, बनवाया एक मंजिला मकान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्राम देवला में प्लॉट खरीद कर बाउंड्री वॉल कर छोड़ना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ा। दबंगों ने उक्त प्लाट के फर्जी कागजात तैयार कर उस पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। प्लॉट स्वामी जब मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित में दबंगों के खिलाफ थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कराया है।

नरेला दिल्ली निवासी सुशील भारद्वाज ने बताया कि उसने वर्ष 2007 अपनी पत्नी बबीता शर्मा के नाम 200 वर्ग गज का एक प्लॉट देवला गांव में खरीदा था। उक्त प्लाट की बाउंड्री वॉल कराकर वह उसको देखने के लिए अक्सर वहां आता रहता था। वर्ष 2022 में जब व्यक्ति प्लॉट पर पहुंचा तो पता चला कि प्लॉट पर एक मंजिला मकान का निर्माण कार्य हो रहा है मजदूरों से पूछने पर उन्होंने बताया कि इस चिटहेडा गांव निवासी रविंद्र पुत्र धन्नु बनवा रहा है।

रविंद्र से बातचीत करने पर उसने बताया कि उसने यह प्लॉट जगत नाम के प्रॉपर्टी डीलर से प्रमोद उदयवीर मनोज विनोद सामोद संदीप रूपेश पुत्र सिद्धार्थ सिंह आयुष पुत्र स्वर्गीय जसवीर निवासी साकीपुर से खरीदा है। रविंद्र ने उक्त लोगों को भी मौके पर बुला लिया और सभी लोग उसके साथ गाली गलौज कर उसे धमकी देने लगे पीड़ित के मुताबिक उसके प्लॉट के फर्जी कागजात तैयार कर आरोपियों ने प्लॉट पर नाजायज कब्जा कर लिया है। पीड़ित के मुताबिक आरोपी दबंग व भूमाफिया किस्म के लोग हैं जो प्लाटों के फर्जी कागज तैयार कर उन पर कब्जा करते हैं। पीड़ित मामले की शिकायत थाना सूरजपुर में थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



## छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में छह नक्सली ढेर

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर में आज सुबह पुलिस के साथ मुठभेड़ में छह नक्सली मारे गए, जिसमें चार पुरूष तथा दो महिलाएं शामिल हैं। घटनास्थल से पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। दक्षिण बस्तर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि पिछले दिनों बासागुड़ा क्षेत्र में तीन ग्रामीणों की हत्या किए जाने के बाद से पुलिस इन इलाकों में लगातार सर्चिंग कर रही थी। सूचना के आधार पर आज केंद्रीय सुरक्षा बल, कोबरा तथा जिला रिजर्व पुलिस जवानों का संयुक्त दल बासागुड़ा इलाके से निकला था। नक्सलियों के प्लाटून नंबर 10 के साथ लगभग डेढ़ घंटे तक मुठभेड़ हुई, जिसमें 6 नक्सली मारे गए। मारे गए नक्सलियों में एक कमांडर भी है। श्री कश्यप ने बताया कि घटना स्थल से 6 बंदूक, भारी मात्रा में विस्फोट सामग्री, वायरलेस सेट बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि बासागुड़ा क्षेत्र के चिकुरभट्टी के इलाके में तालपेरू नदी के किनारे मुठभेड़ हुई। इलाके में अभियान लगातार जारी है।

## बिजनौर में भीषण सड़क हादसे में 4 की मौत, दवाई लेने ऋषिकेश जा रहे थे

बिजनौर। यूपी के बिजनौर में भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें कार सवार 4 परिजनों की मौत हो गई। कार सवार लोग अमरोहा से ऋषिकेश दवाई लेने जा रहे थे। तभी उनकी कार बिजनौर के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। मरने वालों में एक सिपाही भी है जो रामपुर में तैनात था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ये सड़क हादसा आज सुबह देहरादून-नैनीताल नेशनल हाईवे पर गांव गुनियापुर के पास हुआ है। चालक को नींद आने के कारण कार पलटने की बात की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। तड़के कार में सवार रामपुर में तैनात पुलिसकर्मी परविंदर सहित 4 लोग अमरोहा के सिकरेड़ा गांव से ऋषिकेश दवाई लेने जा रहे थे। इनकी कार जैसे ही नेशनल हाईवे 74 पर गांव गुनियापुर के पास पहुंची तो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। घटना के बाद वहां चीख पुकार मच गई। पास से गुजर रहे लोगों ने किसी तरह चारों को कार से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बचाव राहत कार्य शुरू किया लेकिन तब तक चारों की मौत हो चुकी थी। इसमें पुलिसकर्मी परविंदर की जेब से मिले आई कार्ड से उसकी पहचान हो पाई है। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है और चारों की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के रिश्तेदार विवेक ने बताया कि मरने वालों में सिपाही परमिंदर, पिता और मामा शामिल हैं। वे दवाई लेने ऋषिकेश जा रहे थे। एक साथ 4 लोगों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। इस मामले में सीओ निजीवाद देश दीपक सिंह ने फोन पर बताया कि चारों मृतक अमरोहा के सिकरेडा गांव के रहने वाले हैं जो आज सवेरे अमरोहा से ऋषिकेश दवाई लेने जा रहे थे। तभी अचानक बनियापुर के पास नेशनल हाईवे 74 पर कर नियंत्रित होकर पलट गई जिसमें चारों की मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया है और परिजनों को सूचना दे दी है। मरने वालों में एक रामपुर में तैनात पुलिसकर्मी भी शामिल है। उसी के आईकार्ड से मृतकों की पहचान हो पाई है।

## युवक रो-रोकर लड्डू गोपाल की मूर्ति का इलाज की गुहार कर रहा है नाबालिग!

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर के गांव सुजानपुर के एक युवक ने एंबुलेंस को फोन कर लड्डू गोपाल को चोट लगने की सूचना दी। एंबुलेंस चालक ने मौके पर पहुंच कर युवक और लड्डू गोपाल को अस्पताल पहुंचाया। जहां युवक लड्डू गोपाल की मूर्ति का इलाज करने की गुहार कर रहा है। डॉक्टर समझाने में लगे थे लेकिन युवक इलाज की मांग कर रहा है। गांव सुजानपुर का रहने वाले रिंकू ने मंगलवार शाम को 06.40 पर 108 एंबुलेंस को फोन करके गोपाल को चोट लगने की सूचना दी। इसके बाद चालक रामेंद्र कुमार और ईएमटी कीरत यादव एंबुलेंस लेकर 9 किमी दूर गांव सुजानपुर पहुंचे। यहां रिंकू लड्डू गोपाल की मूर्ति लेकर एंबुलेंस में बैठ गया और 07.25 बजे खुटार सीएचसी पहुंच गया। अस्पताल में युवक ने डॉक्टर अंकित वर्मा को मूर्ति दिखाकर रोते हुए बताया कि इनका नाम गोपाल पुत्र वासुदेव है। इनकी उम्र 5 वर्ष है। शाम को वह इन्हें स्नान करा रहा था इस दौरान उनके हाथ से गिर गए और इन्हें चोट लग गई है। डॉक्टर ने लड्डू गोपाल के ठीक होने और घर ले जाने की बात कही लेकिन रिंकू ने डॉक्टर की बात नहीं मानी और जोर-जोर से रोने लगा। 16 वर्षीय नाबालिग युवक को रोता देख आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। डेढ़ घंटा बीतने के बाद भी डॉक्टर युवक को समझाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन युवक रो-रोकर इलाज की गुहार कर रहा था। रात नौ बजे तक युवक लड्डू गोपाल की मूर्ति गोद मे रखकर रो रहा था और लोग उसे समझा रहे थे।

## नेपाल की बॉर्डर से चीनी घुसपैठियों को सुरक्षा बलों ने पकड़ा

सिद्धार्थनगर। भारतीय सुरक्षा बलों ने उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले की भारत नेपाल सीमा से दो चीनी घुसपैठियों को पकड़ा है ।ये दोनों नागरिक अवैध रूप से भारतीय सीमा में घुस आए थे। इनमें एक महिला और एक पुरुष शामिल है। फिलहाल, पुलिस ने एफआईआर दर्ज इन्हें कोर्ट के सामने पेश किया है। दरअसल, पूरा मामला 26 मार्च का है जब इंडो-नेपाल बॉर्डर के पास एसएसबी व मोहाना थाने की फोर्स संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग कर रही थी। तभी बभनी चौराहे के पास अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के अपराध में एक पुरुष व एक महिला को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 2 चाइना के पासपोर्ट, 2 नेपाल के वीजा, 2 चाइना के सिम कार्ड व 2 नेपाल के सिम कार्ड, 1 एप्पल का फोन व 1 होनर का फोन व 9 विभिन्न कार्ड बरामद किए गए ।पकड़े गए अभियुक्त का नाम झोऊ पुलिन है जो चीन के सियाचीन का रहने वाला है, वहीं अभियुक्ता का नाम यूंआ यूंहान है जो कि हुंगजुआ की रहने वाली है। इन दोनों पर पुलिस ने भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के अपराध में केस दर्ज किया है। मोहाना थाने में धारा 14(ए) विदेशी अधिनियम-1946 के तहत मुकदमा दर्ज करके दोनों को न्यायालय के सामने पेश किया। मामले में सिद्धार्थनगर के एएसपी ने बताया कि 26 मार्च को पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने बभनी तिराहे से एक पुरुष व एक महिला को पकड़ा है। जिनसे पूछताछ की गई तो ज्ञात हुआ कि वह चीनी नागरिक हैं तथा बिना किसी वैद्य डॉक्यूमेंट के भारत में प्रवेश कर गए हैं।

## पश्चिम बंगाल में नहीं थम रही हिंसा, फिर हुई खूनी झड़प में कई घायल

कोलकाता। लोकसभा चुनाव के चलते पश्चिम बंगाल में एक बार फिर हिंसा की आग भड़क उठी है। बीते सोमवार को दक्षिण 24 परगना और मुर्शिदाबाद जिलों से उपद्रव की खबरें आई थीं। इसके बाद से शुरु हुआ ये सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब सुंदरवन के एक द्वीप कुमिरमारी में भाजपा और टीएमसी के कार्यकर्ताओं के बीच खूनी झड़प होने की खबरें आ रहीं हैं। इसमें कई लोग घायल हुए है जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भाजपा विधायक और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस के सामने यह मामला उठाया। अधिकारी ने कहा, 卐पश्चिम मिदनापुर में भाजपा बूथ अध्यक्ष के भाई शांतनु घराई की हत्या कर दी गई। दक्षिण 24 परगना के कैनिंग में टीएमसी समर्थित गुंडों के हमले में कम से कम 30 भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए। नादिया के शांतिपुर में एक टीएमसी नेता के बेटे ने एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार किया। पीड़ित का परिवार भाजपा बूथ नेता है। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल पुलिस के शीर्ष अधिकारियों द्वारा हमसे मिलने से इनकार करने के बाद हमने राज्यपाल से मुलाकात की। हमने राज्यपाल को बताया है कि राज्य में कानून-व्यवस्था कैसे खराब हो गयी है। हमने राज्यपाल से कैनिंग और पश्चिमी मिदनापुर का दौरा करने का अनुरोध किया है। इससे पहले जनवरी में दक्षिण 24 परगना के भांगर में दीवार पर भित्तिचित्र बनाने को लेकर टीएमसी और इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई थी। इस घटना में कम से कम पांच लोग घायल हो गए थे। बारुईपुर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। हमें जो शिकायत मिली है उसके मुताबिक, झड़प की वजह जमीन विवाद को लेकर पुरानी दुश्मनी थी। शिकायत में इस बात का उल्लेख नहीं है कि यह एक राजनीतिक झड़प थी। हालांकि, स्थानीय लोगों ने कहा कि पार्टी के झंडे फहराने को लेकर टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। टीएमसी जिला परिषद नेता अनिमेष मोंडोल ने कहा, भाजपा ने हमारे कार्यकर्ताओं पर बिना उकसावे के हमला किया। उन्होंने एक या दो राउंड फायरिंग भी की, हालांकि किसी को चोट नहीं आई। स्थानीय भाजपा नेता ने इसका जवाब दिया है। भाजपा के नेता बिकास सरदार ने कहा, हमारे कार्यकर्ता झंडे फहरा रहे थे जब टीएमसी कार्यकर्ताओं ने हम पर हमला किया। हमारे कार्यकर्ताओं पर गोलीबारी की। सौभाग्य से वे चूक गये।

# अफस्पा भी हटाएंगे और जम्मू कश्मीर से सेना को भी वापस बुलाएंगे: अमित शाह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू कश्मीर में तैनात सेना को वापस बुलाने पर विचार चल रहा है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो सेना की वापसी होगी और अफस्पा भी हटा लिया जाएगा। एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में शाह ने कहा कि शाह ने यह भी कहा कि सरकार की योजना केंद्र शासित प्रदेश में सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था को अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर छोड़ने की है। उन्होंने कहा, 'हमारी योजना सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था को जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले करने की है। पहले, जम्मू-कश्मीर पुलिस पर भरोसा नहीं किया जाता था, लेकिन आज वे अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। विवादास्पद अफस्पा पर गृह मंत्री ने कहा, 'हम अफस्पा हटाने के बारे में भी सोचेंगे।' गृह मंत्री का यह ऐलान जम्मू-कश्मीर के लिहाज से अहम है क्योंकि वह लगातार मांग होती रही है कि अफस्पा को हटाया जाए और आम शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में सेना की तैनाती न रहे।

शाह ने दावा किया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के नेता फारूक अब्दुल्ला और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने आरक्षण के प्रावधानों को लेकर कटुता पैदा करने की पूरी कोशिश की लेकिन लोग अब उनके इरादों को समझ गए हैं। उन्होंने पूछा कि नेकां ने पिछले 75 वर्षों में इन लोगों को आरक्षण क्यों नहीं दिया। गृह मंत्री ने दावा किया कि जब आतंकवाद चरम पर था तो अब्दुल्ला इंग्लैंड चले गए थे। उन्होंने कहा, अब्दुल्ला और महबूबा दोनों को इस मुद्दे पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। शाह ने यह भी कहा कि बातचीत की प्रक्रिया में हुर्रियत कॉन्फ्रेंस का कोई स्थान नहीं है। इंटरव्यू के दौरान अमित शाह ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भारत का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने जोर देकर यह भी कहा कि वहां रहने वाले मुस्लिम और हिंदू दोनों ही भारतीय हैं। जेके मीडिया ग्रुप को दिए एक इंटरव्यू में अमित शाह ने कहा, पीओके में रहने वाले मुस्लिम और हिंदू भाई भारतीय हैं। जिस जमीन पर पाकिस्तान ने अवैध कब्जा किया है, वह भारत की है। इसे वापस पाना हर भारतीय और हर कश्मीरी का लक्ष्य है। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के युवाओं से पाकिस्तान की साजिशों से दूर रहने का भी आग्रह किया।

### 70 प्रतिशत क्षेत्रों में अफस्पा हटा

अफस्पा अशांत क्षेत्रों में सक्रिय सशस्त्र बलों के कर्मियों को 'लोक व्यवस्था कायम' रखने के लिए आवश्यकता होने पर तलाशी लेने, गिरफ्तार करने और गोली चलाने की व्यापक शक्तियां देता है। शाह ने पहले कहा था कि पूर्वोत्तर राज्यों में 70 प्रतिशत क्षेत्रों में अफस्पा हटा दिया गया है, हालांकि यह जम्मू-कश्मीर में लागू है। जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों के विभिन्न संगठनों और व्यक्तियों ने अफस्पा हटाने की मांग की है।शाह ने कहा कि सितंबर से पहले जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होंगे। उन्होंने कहा, ''जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को स्थापित करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वादा है और इसे पूरा किया जाएगा। हालांकि, यह लोकतंत्र केवल तीन परिवारों तक सीमित नहीं रहेगा और लोगों का लोकतंत्र होगा।''

## तीस लाख सरकारी पद भरेगी कांग्रेस : प्रियंका



नई दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया है कि यदि कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनावों में सत्ता में आती है तो रिक्त सरकारी नौकरी के 30 लाख पदों को भरा जाएगा और परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए सख्त कानून बनेगा। श्रीमती वाड्रा ने बुधवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में कहा कि कांग्रेस सरकार रोजगार क्रांति के जरिये देश के युवाओं का हाथ मजबूत करेगी। युवा ही देश का भविष्य हैं। वे मजबूत होंगे तो देश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि देश के कुल श्रमबल में जितने बेरोजगार हैं, उनमें 83 प्रतिशत युवा हैं। कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी वर्ष 2000 में 35.2 प्रतिशत थी जो वर्ष 2022 में यह 65.7 प्रतिशत यानी लगभग दोगुनी हो गई है ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मुख्य आर्थिक सलाहकार कह रहे हैं कि सरकार बेरोजगारी की समस्या हल नहीं कर सकती। यही भारतीय जनता पार्टी सरकार की सच्चाई है। आज देश का हर युवा समझ चुका है कि भाजपा रोजगार नहीं दे सकती। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास युवाओं को रोजगार देने की ठोस योजना है। खाली पड़े 30 लाख सरकारी पद तत्काल भरे जाएंगे और हर स्नातक और डिप्लोमाधारक को एक लाख रुपये सालाना की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी। पेपर लीक के खिलाफ नया सख्त कानून आएगा तथा गिग श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी मिलेगी। इसके अलावा स्टार्ट-अप के लिए 5000 करोड़ का राष्ट्रीय कोष बनाया जाएगा।

# जेल में रहकर भी कुर्सी का मोह नहीं छोड़ पा रहे केजरीवाल: अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर आज जम्मू कश्मीर प्रवास पर थे। अपने प्रवास के दौरान श्री अनुराग ठाकुर ने सर्वप्रथम उधमपुर में आयोजित बाइक रैली में भाग लिया और इसके बाद उधमपुर भाजपा कार्यालय में आयोजित सांगठनिक बैठक में शामिल हुए। शाम को श्री अनुराग ठाकुर आईआईएम जम्मू और होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

श्री अनुराग ठाकुर ने आरजेडी लीडर लालू प्रसाद यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस समय लालू यादव चारा घोटाले में फंसे हुए थे उस समय राबड़ी देवी जी उनकी तरफ से घोषणाएं करती थी, फिर धीरे-धीरे उन्होंने लालू यादव की गद्दी संभाल ली, अब अरविंद केजरीवाल के मामले में भी यही हो रहा है। जो अरविंद केजरीवाल नैतिकता की बात करते थे, जो कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ अनशन पर बैठते थे वही आम आदमी पार्टी आज भ्रष्टाचार के दलदल में बुरी तरह फंस गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जेल में रहकर भी अरविन्द केजरीवाल सीएम की कुर्सी का मोह नहीं छोड़ रहे हैं, केजरीवाल ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़े हैं। श्री अनुराग ठाकुर ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा और कहा कि एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद वह अपने ही राज्यों की महिलाओं को संरक्षण नहीं दे पाई बल्कि उन्होंने भ्रष्टाचारियों और बलात्कारियों को संरक्षण दिया है'। श्री अनुराग ठाकुर ने आगे कहा, 'अरविंद केजरीवाल कहते थे कि मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ हूं, राजनीति में नहीं आऊंगा। ये वही अरविंद केजरीवाल हैं जो कांग्रेस के खिलाफ धरने पर बैठते थे। आज अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के दलदल में नीचे तक धसी हुई है। इनका उपमुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, सांसद और पार्षद तक जेल में है। और अब शराब घोटाले के किंगपिन, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं जेल में हैं। इनकी अराजकता और भ्रष्टाचार ने उन्हें आज जेल में डाला है'।

आगे कांग्रेस पर निशाना चाहते हुए श्री अनुराग ठाकुर ने कहा, 'आज सवाल कांग्रेस से भी है कि क्या उन्होंने अपना ज़मीर बेच दिया है? अरविंद केजरीवाल पहले सोनिया गांधी को गिरफ्तार कर दो दिन तक पूछताछ करने की मांग करते थे। ऐसी कौन सी मजबूरी है कि कांग्रेस का आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार के साथ खड़ा होना जरूरी है? कल तक शराब घोटाले के आंकड़े प्रस्तुत कर मुकदमा करने की बात करने वाले कांग्रेसी नेता आज कहां हैं? आज यह उसके पक्ष में रैली करने की बात कर रहे हैं जिसने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। क्या कांग्रेस अरविंद केजरीवाल को निर्दोष मानती है? मोदी जी ने सदैव कहा है ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा जांच। जांच एजेंसियों के जांच के बाद इन बेईमानों का दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।'

## पूर्व सीएम ने निकाला ईवीएम का तोड़, बैलेट पेपर से चुनाव कराने सभी कार्यकर्ता करें नामांकन

**-कांग्रेस की जीत सुनिश्चित कराने छग के पूर्व सीएम बघेल ने दिया मंत्र**

**-एक सीट पर हुए 375 प्रत्याशी तो, ईवीएम की जगह लेगा बैलेट पेपर**



**दुर्ग (एजेंसी)।** ऐसा लगता है कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईवीएम का हल तलाश लिया है। यही वजह है कि वो पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए कह रहे हैं। उनका कहना है कि 375 से अधिक प्रत्याशी यदि एक लोकसभा सीट से हो जाते हैं तो फिर ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव होंगे और तब कांग्रेस की जीत निश्चित ही होगी।

यहां बतलाते चलें कि छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल पाटन विधानसभा के आमालोरी गांव में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में राजनांदगांव से लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल भी मौजूद थे। यहां पर ईवीएम पर सवाल उठाते हुए पूर्व सीएम बघेल ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव ईवीएम से नहीं होने देना चाहिए। दरअसल बैलेट पेपर से यदि चुनाव होते हैं तो भाजपा की असलियत सभी के सामने आ जाएगी। इस दौरान पूर्व सीएम बघेल ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के नियम भी बतलाए। इसी बीच उन्होंने कहा कि यदि किसी सीट पर नाम वापसी के बाद 375 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह जाते हैं तो इस स्थिति में निर्वाचन आयोग को वहां बैलेट पेपर से चुनाव कराना होगा। इसलिए आप सभी लोग चुनाव के लिए फार्म भरें। प्रत्येक लोकसभा सीट पर 375 से अधिक प्रत्याशी नाम वापसी के बाद रहने चाहिए, तभी बैलेट पेपर से चुनाव होंगे और तभी कांग्रेस की जीत भी सुनिश्चित हो सकेगी। इसके लिए कार्यक्रम के दौरान पूर्व सीएम बघेल ने समस्त कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि वो सभी लोकसभा सीटों में 375 से अधिक उम्मीदवार खड़े करने की कोशिश करेंगे। ऐसा करने से ईवीएम की सच्चाई भी अपने आप सामने आ जाएगी। उन्होंने दावा किया कि यदि ऐसा संभव हुआ तो निश्चित ही कांग्रेस सभी जगहों पर जीत दर्ज करेगी।

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे पूर्व सीएम बघेल ने कहा कि हम पर व्यंग्य कसा जाता है और कहा जाता है कि जब चुनाव हार जाते हैं, तो ईवीएम पर सवाल उठाते हैं। जबकि सत्यता यह है कि कांग्रेस ने शुरू से ही स्टैंड ले रखा है कि चुनाव बैलेट से होना चाहिए, क्योंकि ईवीएम को हैक किया जा सकता है।

## मायावती का नया दांव- मुस्लिमों को टिकट देकर बिगड़ सकता है बना बनाया खेल

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी यानी बसपा सुप्रीमो मायावती के सियासी पैंतरे समझ पाना आसान नहीं होता है। उन्होंने ने हाल ही में एक बड़ा दांव चला है। इस दांव से कई विरोधियों का बना बनाया खेल बिगड़ सकता है। मायावती ने हाल ही में लोकसभा चुनाव के लिए 16 उम्मीदवारों की एक सूची जारी की है। इसमें 7 उम्मीदवार मुस्लिम हैं। इतनी ज्यादा संख्या में मुस्लिम प्रत्याशियों पर दांव लगाना कई दलों के लिए चुनौती खड़ी कर सकता है। मतलब साफ है कि बसपा के इस फैसले से सपा-कांग्रेस गठबंधन को बसपा कड़ी चुनौती देने जा रही है। सात सीटों पर मुस्लिम वोटों का बंटवारा होने से त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार हैं। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि मुस्लिमों को तरजीह देकर इंडिया गठबंधन के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। हालांकि पार्टी की पहली सूची में कोई महिला उम्मीदवार नहीं है। तीन सुरक्षित सीटों पर भी पार्टी ने अपने प्रत्याशी घोषित किए हैं। बसपा की इस रणनीति से इंडिया गठबंधन को नुकसान उठाना पड़ सकता है। विधानसभा चुनाव में भी बसपा की रणनीति कुछ ऐसी ही थी। पार्टी भले ही एक सीट पर सिमट गई, लेकिन कई सीटों पर सपा की हार के अंतर से अधिक वोट उसके उम्मीदवारों को मिले थे।

## सीएए के खिलाफ विरोध जारी रहना चाहिए : गायक जुबीन गर्ग

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग ने कहा कि असम के लोग नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) को कभी स्वीकार नहीं करेंगे और बिना हिंसा के इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह विभिन्न मंचों पर सीएए के खिलाफ विरोध जारी रखेंगे। उन्होंने इस अधिनियम को रद्द करने की खातिर कानूनी लड़ाई जीतने के लिए ठोस कदम उठाने का भी आह्वान किया। सोशल मीडिया मंच 'फेसबुक'' पर अपने पोस्ट में गर्ग ने कहा कि 2017 में जब यह विधेयक आया था वह तभी से इसका विरोध कर रहे हैं और वह अपने रुख पर कायम हैं। उन्होंने कहा कि सीएए के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जरूरी है, लेकिन इसके कई तरीके हैं। गर्ग ने कहा कि इस तरह के कई आंदोलनों में लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है, चाहे वह असम आंदोलन हो या 2019 का सीएए विरोधी प्रदर्शन। सीएए विरोधी प्रदर्शन के दौरान पांच युवाओं की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि ऐसे में अब विरोध प्रदर्शन के कारण एक भी जान नहीं जानी चाहिए। राज्य में युवाओं के बीच लोकप्रिय गर्ग ने कहा, 'मैं अपने तरीके से सीएए के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी रखूंगा। मंच पर या सोशल मीडिया पर जहां भी, जैसे भी संभव हो सके।' उन्होंने दावा किया कि सरकार सीएए को 'थोपने' की कोशिश कर रही है, लेकिन राज्य के लोग इसे कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

## जेल में रहकर भी कुर्सी का मोह नहीं छोड़ पा रहे केजरीवाल: अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर आज जम्मू कश्मीर प्रवास पर थे। अपने प्रवास के दौरान श्री अनुराग ठाकुर ने सर्वप्रथम उधमपुर में आयोजित बाइक रैली में भाग लिया और इसके बाद उधमपुर भाजपा कार्यालय में आयोजित सांगठनिक बैठक में शामिल हुए। शाम को श्री अनुराग ठाकुर आईआईएम जम्मू और होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

श्री अनुराग ठाकुर ने आरजेडी लीडर लालू प्रसाद यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस समय लालू यादव चारा घोटाले में फंसे हुए थे उस समय राबड़ी देवी जी उनकी तरफ से घोषणाएं करती थी, फिर धीरे-धीरे उन्होंने लालू यादव की गद्दी संभाल ली, अब अरविंद केजरीवाल के मामले में भी यही हो रहा है। जो अरविंद केजरीवाल नैतिकता की बात करते थे, जो कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ अनशन पर बैठते थे वही आम आदमी पार्टी आज भ्रष्टाचार के दलदल में बुरी तरह फंस गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जेल में रहकर भी अरविन्द केजरीवाल सीएम की कुर्सी का मोह नहीं छोड़ रहे हैं, केजरीवाल ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़े हैं। श्री अनुराग ठाकुर ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा और कहा कि एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद वह अपने ही राज्यों की महिलाओं को संरक्षण नहीं दे पाई बल्कि उन्होंने भ्रष्टाचारियों और बलात्कारियों को संरक्षण दिया है÷

श्री अनुराग ठाकुर ने आगे कहा, ÷अरविंद केजरीवाल कहते थे कि मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ हूं, राजनीति में नहीं आऊंगा। ये वही अरविंद केजरीवाल हैं जो कांग्रेस के खिलाफ धरने पर बैठते थे। आज अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के दलदल में नीचे तक धसी हुई है। इनका उपमुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, सांसद और पार्षद तक जेल में है। और अब शराब घोटाले के किंगपिन, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं जेल में हैं। इनकी अराजकता और भ्रष्टाचार ने उन्हें आज जेल में डाला है÷

आगे कांग्रेस पर निशाना चाहते हुए श्री अनुराग ठाकुर ने कहा, ÷आज सवाल कांग्रेस से भी है कि क्या उन्होंने अपना ज़मीर बेच दिया है? अरविंद केजरीवाल पहले सोनिया गांधी को गिरफ्तार कर दो दिन तक पूछताछ करने की मांग करते थे। ऐसी कौन सी मजबूरी है कि कांग्रेस का आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार के साथ खड़ा होना जरूरी है? कल तक शराब घोटाले के आंकड़े प्रस्तुत कर मुकदमा करने की बात करने वाले कांग्रेसी नेता आज कहां हैं? आज यह उसके पक्ष में रैली करने की बात कर रहे हैं जिसने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। क्या कांग्रेस अरविंद केजरीवाल को निर्दोष मानती है? मोदी जी ने सदैव कहा है ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा जांच। जांच

# मुंबई बनी दुनिया की अरबपति राजधानी, बीजिंग को पछाड़ा

**- भारत 271 अरबपतियों के साथ वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर**

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते अरबपतियों की राजधानी है, इस साल इसमें 26 अरबपति शामिल हुए और यह दुनिया में तीसरा व एशिया में अरबपतियों की राजधानी बन गया है। नई दिल्ली पहली बार शीर्ष 10 में शामिल हुई। सामूहिक रूप से भारतीय अरबपतियों की संपत्ति 1 खरब डॉलर के बराबर है, जो वैश्विक अरबपतियों की संपत्ति का 7 फीसदी है, जो देश के पर्याप्त आर्थिक प्रभाव को दर्शाता है।

मुंबई एशिया की नई अरबपतियों की राजधानी के रूप में उभरा है और इस मामले में यह चीन के बीजिंग शहर को पीछे छोड़ चुका है, जबकि भारत 271 अरबपतियों के साथ वैश्विक स्तर पर जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर है। यह बात एक ताजा रिपोर्ट में कही गई है।

भारत की आर्थिक शक्ति अरबपति आबादी में हुई बढ़ोतरी से और भी अधिक रेखांकित हुई। देश में आश्चर्यजनक रूप से 94 नए अरबपति जुड़े, जो संयुक्त राज्य अमेरिका को छोड़कर किसी भी देश में सबसे अधिक है। कुल मिलाकर यहां 271 अरबपति हैं। यह उछाल 2013 के बाद से सबसे ज्यादा है और भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़ते आत्मविश्वास का प्रमाण भी है। 2024 में जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अरबपतियों की संचयी संपत्ति चीन के प्रति अरबपति औसत संपत्ति को पार करते हुए 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गई। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि उद्योग के लिहाज से फार्मास्युटिकल क्षेत्र 39 अरबपतियों के साथ सबसे आगे है, इसके बाद ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट उद्योग में 27वां और रसायन क्षेत्र 24वां का स्थान है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि युवा, तकनीक-प्रेमी आबादी और नवाचार पर बढ़ते फोकस के चलते आज भारत इस एआई क्रांति को भुनाने के लिए अच्छी स्थिति में है, जिससे आने वाले सालों में भारत में और भी ज्यादा अरबपतियों की बढ़ोतरी होगी। अरबपतियों की बात करें तो भारतीय अरबपतियों की सूची में सबसे ऊपर रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी हैं, जिनकी कुल संपत्ति 115 अरब डॉलर है। अदाणी समूह के संस्थापक गौतम अदाणी की संपत्ति 86 अरब डॉलर है। एक तरफ भारत में



अरबपतियों की संख्या बढ़ गई, तो दूसरी ओर इस मामले में चीन में गिरावट देखी जा रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन के लिए यह साल खराब रहा है। हांगकांग 20 फीसदी नीचे, शेनझेन 19 फीसदी नीचे और शंघाई 7 फीसदी नीचे रहा है।

# आईपीएल में आज होगा दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स में मुकाबला

**जयपुर (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स को अपने पहले ही मैच में हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में अब उसका लक्ष्य जीत की राह पर लौटन रहेगा। इस मैच में कप्तान ऋषभ पंत भी बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। मैदान पर वापसी करते हुए पहले मैच में वह अधिक रन तो नहीं बना पाये थे पर वह अच्छी लय में दिखे थे। पहले मैच में उनकी विकेकीपिंग भी अच्छी थी जिससे पता चलता है कि वह अब पहले की तरह ही फिट हो गये हैं।

टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पहले मैच में डेविड वार्नर और मिशेल मार्श को पारी की शुरुआत के लिए भेजा था पर ये दोनो ही बड़ा स्कोर नहीं बना पाये थे। जिससे मध्यक्रम पर दबाव आ गया था।

विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने हालांकि नाबाद 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे दिल्ली की टीम नौ विकेट पर 174 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही। पोरेल को 'इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतारा गया था। इससे दिल्ली के पास एक गेंदबाज कम हो गया। इसके बाद इशांत शर्मा का टखना मुड़ने से टीम की परेशानी बढ़ गयी थी।

इस मैच में कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी से भी टीम को अच्छी उम्मीद रहेंगी। वहीं दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स ने संजू सैमसन के नाबाद 82 रनों की सहायता से मुकाबला जीत लिया था।

रॉयल्स के रेयान पराग भी अच्छी लय में नजर आए हैं। रॉयल्स के शीर्ष चार बल्लेबाज दिल्ली के गेंदबाजी क्रम के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाकर दबाव बनाने का प्रयास करेंगे। ऐसे में देखना होगा कि दिल्ली के स्पिनर कुलदीप



और अक्षर पटेल किस प्रकार विरोधी बल्लेबाजों पर अंकुश लगा पाते हैं। भूमिका अहम होगी। रॉयल्स के गेंदबाज भी अब तक अच्छी लय में नजर आये हैं। रॉयल्स के बोल्ट के अलावा संदीप शर्मा ने भी डेथ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया है। दिल्ली की बल्लेबाजी वार्नर, मार्श के अलावा ऋषभ पर अधारित रहेगी। वहीं राजस्थान के पास जोस बटलर, यशस्वी जयसवाल और सैमसन के अलावा युवा ध्रुव जुरेल जैसे बल्लेबाज हैं। ऐसे में ये मुकाबला रोमांचक रहेगा।

### टीम

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), जोस बटलर, यशस्वी जयसवाल, रियान पराग, शिम्रोन हेटमायर, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, नंद्रे बर्गर, अवेश खान, युजवेंद्र चहल

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, शाई होप, रिकी भुई, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, सुमित कुमार, कुलदीप यादव, ईशांत शर्मा, खलील अहमद

## धोनी ने कहा था अपना स्वाभाविक खेल खेलो : समीर रिजवी



**चेन्नई (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ आक्रामक पारी खेलने वाले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के नये बल्लेबाज समीर रिजवी अपने प्रदर्शन से खुश हैं। समीर ने इस मैच में छह गेंदों में 14 रन बनाये थे। उन्होंने मैच के बाद कहा कि पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने उन्हें अपना स्वाभाविक खेल खेलने और दबाव में नहीं आने को कहा था। समीर ने कहा कि इससे उनका हौंसला बढ़ा था। साथ ही कहा कि बल्लेबाजी के लिए उतरते समय वह किसी भी गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के लिए तैयार थे। रिजवी ने कहा कि वह सीएसके द्वारा चुने जाने से खुश हैं क्योंकि धोनी से मिलना उनका जीवन भर का सपना था। उन्होंने कहा, जब नीलामी हुई, सीएसके ने मुझे चुना, मैं खुश था क्योंकि धोनी से मिलना एक सपना था जो पूरा हुआ था, उनके साथ खेलना तो दूर की बात है। यह पूरा हो गया है। मुझे उनसे और स्टाफ से बहुत कुछ सीखने को मिला। मैं सीखने की कोशिश कर रहा हूं। जितना संभव हो उतना अच्छा करो।

धोनी की सलाह को याद करते हुए रिजवी ने कहा कि उन्होंने मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने के लिए कहा था। रिजवी ने कहा, उन्होंने मुझे वैसे ही खेलने के लिए कहा है जैसे मैं खेलता हूं, उन्होंने मुझे बताया कि खेल वही है, कौशल वही है पर मानसिकता अलग है। उन्होंने मुझे दबाव महसूस न करने और स्थिति के अनुसार खेलने के लिए कहा है। उन्होंने मुझे पहले मैच में भारी भीड़ के सामने अपनी घबराहट पर नियंत्रण रखने को कहा था।

अपने जर्सी नंबर के बारे में रिजवी ने कहा कि वह मूल रूप से सात नंबर पहनते थे पर उन्हें नंबर एक से ही संतुष्ट होना पड़ा क्योंकि उनका पसंदीदा नंबर पहले से ही धोनी के अलावा कोई और नहीं इस्तेमाल कर रहा था। उन्होंने कहा, मेरी जर्सी का नंबर 7 है। मुझे यह नहीं मिल सका। इसलिए मुझे जर्सी नंबर एक मिला।

## रुतुराज सीएसके के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल, जडेजा को पीछे छोड़ा

**चेन्नई (एजेंसी) ।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में 46 रनों की अपनी पारी के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। रुतुराज अब आईपीएल में सीएसके के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले सातवें खिलाड़ी बन गये हैं। उन्होंने ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को पीछे छोड़ दिया है। रुतुराज ने 127.78 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। उन्होंने सीएसके की ओर से 54 आईपीएल मैचों में 38.70 की औसत और 134.93 की स्ट्राइक रेट से 1,858 रन बनाए हैं। 53 पारियों में उन्होंने एक शतक और 14 अर्धशतक लगाए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 101 रन है। वहीं दूसरी ओर सीएसके के लिए 174 मैचों में जडेजा ने 25.97 की औसत और 137.1 के स्ट्राइक रेट से दो अर्धशतकों के साथ 1,818 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 62 है।



सीएसके के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज सुरेश रैना हैं। रैना ने 200 मैचों में खेली गई 195 पारियों में 33.10 की औसत और 138.91 की स्ट्राइक रेट से 5,529 रन बनाए जिसमें दो शतक और 38 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 109 रन है। इसके अलावा सीएसके के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले अन्य खिलाड़ियों में पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के नाम 246 मैचों में 38.72 की औसत और 137.80 की स्ट्राइक रेट से 4,957 रन और फाफ डु प्लेसिस के नाम 100 मैचों में 34.90 के औसत और 132.07 के स्ट्राइक रेट के साथ 21 अर्द्धशतक सहित 2,932 रन हैं।

## मुंबई में हार्दिक पांड्या को करना पड़ सकता है हूटिंग का सामना : मनोज तिवारी

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी को लगता है कि मुंबई इंडियन्स एक अप्रैल को यहां जब अपना पहला घरेलू आईपीएल मैच खेलेगा तो कप्तान हार्दिक पांड्या को और अधिक हूटिंग का सामना करना पड़ सकता है। तिवारी का हालांकि मानना है कि इस ऑलराउंडर के पास इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए जरूरी धैर्य है। सत्र की शुरुआत से पहले मुंबई के कप्तान के रूप में रोहित शर्मा की जगह लेने वाले हार्दिक रविवार को जब अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलने उतरे तो अहमदाबाद में प्रशंसकों ने उनकी हूटिंग की।

मुंबई इंडियन्स की टीम टाइटंस से छह रन से हार गई और अगले सप्ताह सोमवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपना



पहला घरेलू मैच खेलेगी। तिवारी ने कहा, 'आपको यह देखना होगा कि यहां मुंबई में उसका स्वागत कैसे किया जाता है। मुझे लगता है कि यहां उसकी थोड़ी अधिक हूटिंग होने वाली है क्योंकि एक प्रशंसक के रूप में मुंबई या रोहित शर्मा के प्रशंसक के रूप में, किसी ने भी उम्मीद नहीं की थी कि कप्तानी हार्दिक को दी जाएगी।'

उन्होंने कहा, 'रोहित ने मुंबई इंडियंस को पांच ट्रॉफियां दीं, इसके बावजूद उन्हें कप्तानी गंवानी पड़ी। मुझे नहीं पता कि क्या कारण है लेकिन मुझे लगता है कि यह प्रशंसकों को पसंद नहीं आया। और मैदान पर आपको इसी की प्रतिक्रिया दिख रही है।' हालांकि हार्दिक इस स्थिति से जिस तरह निपटे उससे तिवारी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, 'मैं हाल ही में टेलीविजन के माध्यम से जो कुछ भी देख रहा हूं, हूटिंग के बावजूद उसने धैर्य बनाए रखा, वह नर्वस नहीं हुआ जो अच्छे स्वभाव की निशानी है।' पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री तिवारी ने कहा कि हार्दिक को अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करना होगा जिससे कि वह एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अच्छी स्थिति में रहें।

## शुभमन पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

चेन्नई । आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस टीम के कप्तान शुभमन गिल पर जुर्माना लगा है। शुभमन पर ये जुर्माना उनकी टीम की चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम के खिलाफ मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए लगाया गया है। गुजरात टाइटंस को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा था। अब जुर्माना लगने से उसकी मुश्किलें और बढ़ गयी हैं। आईपीएल की ओर से इस मामले में कहा गया, न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह गुजरात टीम का सत्र का ये पहला



अपराध था, इसलिए शुभमन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना ही लगाया गया है। इस मैच में गुजरात टाइटंस की टीम के लिए कुछ भी अच्छा नहीं रहा और उसके बल्लेबाज व गेंदबाज विफल रहे। शुभमन भी इस मैच में रन बनाने में असफल रहे और शुरुआत में ही पेवेलियन लौट गये। गुजरात टाइटंस अब तक इस टूर्नामेंट में एक जीत और एक हार के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर फिसल गयी है।

## 2026 विश्वकप के लिए भारतीय टीम क्वालीफाई नहीं कर पायी तो पद छोड़ दूंगा : स्टीमेक

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम अभी मुख्य कोच इगोर स्टीमेक के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रही है। टीम 2026 के फीफा विश्वकप क्वालीफायर्स के लिए प्रयास कर रही है। इसी बीच स्टीमेक ने कहा है कि अगर उनकी टीम इस बार क्वालीफाई करने में विफल रही तो वह अपना पद छोड़ देंगे। स्टिमक ने कहा कि अगर भारतीय फुटबॉल टीम फीफा विश्व कप 2026 के क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में पहुंचने में विफल रही तो वह अपने पद पर बने नहीं रहेंगे। स्टिमक का लक्ष्य टीम को विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहुंचाना और एएफसी एशिया कप 2027 में सीधे प्रवेश दिलाना है। स्टिमक ने



कहा,''अगर मैं भारत को तीसरे दौर में पहुंचाने में नाकाम रहता हूं तो मैं अपना पद छोड़ दूंगा। मैंने पिछले 5 वर्षों में जो कुछ भी काम किया उसके सम्मान के साथ मैं यह पद किसी और के लिए छोड़ दूंगा।''स्टिमक ने 2019 में भारत के मुख्य कोच का पद संभाला था और उसके बाद से ही भारतीय फुटबॉल टीम को प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है। पिछले साल उनका अनुबंध जून 2026 तक बढ़ा दिया गया था। भारतीय टीम अभी विश्वकप क्वालीफाइंग ग्रुप ए में तीन मैच में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। वह कुवैत से एक अंक आगे है जिसके तीन मैच में तीन अंक हैं। भारतीय टीम अब भी तीसरे दौर में जगह बना सकती है हालांकि पिछले मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ अंक बांटने से उसकी संभावनाओं को करारा झटका लगा है। उन्होंने कहा कि वह अफगानिस्तान के भारत ने अच्छा खेला था। उन्होंने कहा कि बड़ी प्रतियोगिताओं से पहले लंबे समय के और अभ्यास शिविर लगाये जाने चाहिये।

## बाबर आजम को फिर कप्तान बनाने पर विचार कर रहा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड

**लाहौर (एजेंसी) ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने के लिए शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा नहीं रह गया है और उसे लगता है कि पूर्व कप्तान बाबर आजम एक बार फिर टीम की कप्तानी के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं।

पिछले साल भारत में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाने के बाद बाबर ने सभी प्रारूपों में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। मसूद को जहां टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तो वहीं शाहीन को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया। पीसीबी थिंक टैंक के सूत्रों ने कहा कि बोर्ड इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि कोई व्यावहारिक विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण बाबर फिर से टीम का



नेतृत्व करने के लिए सबसे अच्छा विकल्प हैं।

एक सूत्र ने बताया, 'मजेदार बात यह है कि ऐसा प्रतीत होता है कि बोर्ड के अध्यक्ष में बदलाव के साथ ही पदाधिकारियों ने टेस्ट और टी20 प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने की शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा खो दिया है।'

सूत्र ने कहा कि दिलचस्प बात यह है कि बाबर अब कुछ तेवर दिखा रहे हैं। सूत्र ने कहा, 'बाबर से यह पता लगाने की कोशिश की गई कि क्या वह फिर से कार्यभार संभालने के लिए तैयार हैं और उन्होंने कुछ आशंकाएं जताई हैं। जाहिर है कि वह बोर्ड अध्यक्ष से कुछ आश्वासन चाहते हैं।%

जका अशरफ जब पीसीबी अध्यक्ष थे तो विश्व कप के तुरंत बाद बाबर को सफेद गेंद के प्रारूप के कप्तान के पद से हटा दिया गया था। इसके बाद उन्होंने टेस्ट टीम के कप्तान का पद भी छोड़ने का विकल्प चुना। बाबर 2020 से सभी प्रारूपों में टीम के कप्तान थे लेकिन एशिया कप और विश्व कप में खराब प्रदर्शन के कारण उन्हें कप्तानी से हटा दिया गया।

## नोवाक जोकोविच ने कोच इवानिसेविच से नाता तोड़ा, जीते हैं 12 ग्रैंड स्लैम



लंदन । शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2018 से उनके कोच रहे गोरान इवानिसेविच से अलग होने का फैसला किया है। इवानिसेविच के साथ रहते हुए सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 24 खिताब के साथ पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने बुधवार को 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि उन्होंने 'कुछ दिन पहले से' इवानिसेविच के साथ काम करना छोड़ दिया था। जोकोविच ने लिखा, 'कोर्ट पर हमारे रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव रहे लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा काफी मजबूत रही।' जोकोविच ने साल 2024 में अब तक कोई खिताब नहीं जीता है। वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में हार गए थे। इवानिसेविच ने 2001 में वाइल्ड कार्डधारी के तौर पर विंबलडन का खिताब जीता था।

## विश्व कप क्वालीफायर: छेत्री का 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच, अफगानिस्तान ने भारत को 2-1 से हराया

**मुंबई (एजेंसी)।** निचली रैंकिंग की अफगानिस्तान ने मंगलवार को 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत को 2-1 से शिकस्त दी जिससे घरेलू टीम को हाल के वर्षों में अपनी सबसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री के अपने 150वें मैच में 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा लेकिन इसके बावजूद घरेलू टीम हार गयी। उन्होंने 37वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागा। विश्व कप और 2027 एएफसी एशियाई कप के संयुक्त क्वालीफायर के दूसरे चरण में भारत के घरेलू मैच में अफगानिस्तान ने 71वें मिनट में रहमत अकबरी के गोल से बराबरी हासिल कर ली। फिर घरेलू टीम को झटका लगा जब गुरप्रीत सिंह को पीला कार्ड दिखाया गया। इसके बाद मिली पेनल्टी पर शरीफ मुखम्मद ने 88वें मिनट में अपनी टीम को निर्धारित समय में केवल दो मिनट रहते 2-1 की बढ़त दिलाकर जीत दिलायी। भारत और अफगानिस्तान ने 22 मार्च को सऊदी अरब के आभा में पहले चरण में गोलरहित ड्रा खेला था।



## ग्रीम स्मिथ के नाम है ये अनौखा रिकार्ड

नई दिल्ली । ग्रीम स्मिथ एक बेहतरीन बल्लेबाज होने के साथ ही दक्षिण अफीका के पूर्व कप्तान भी रहे हैं। उनके नाम एक अनौखा रिकार्ड भी दर्ज है। ये है टीम को टेस्ट में सबसे अधिक जीत और हार का रिकार्ड। स्मिथ ने 108 टेस्ट में अपनी टीम की कप्तानी की थ। स्मिथ की कप्तानी में दक्षिण अफीकी टीम को सबसे अधिक 53 टेस्ट में जीत हासिल हुई जबकि 29 हार भी उन्ही ही कार्यकाल में मिली। इसके अलावा भी उन्होंने एक मैच में आईसीसी एकादश की भी कप्तानी की थी जिसमें भी उनकी टीम को हार मिली। स्मिथ ऐसे एकमात्र कप्तान हैं जिन्होंने अपनी अगुवाई में टीम को 50 से अधिक टेस्ट में जीत दिलाई है। इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोटिंग और स्टीव वॉ उनसे कही पीछे हैं। पोंटिंग ने 77 टेस्ट में कप्तानी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 48 जीत दिलाई जबकि स्टीव वॉ ने 57 टेस्ट में 41 जीत हासिल की। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली इस मामले में चौथे स्थान पर हैं जिन्होंने 68 टेस्ट में भारत की कप्तानी करते हुए 40 में टीम को जीत दिलाई। स्मिथ अगर सबसे



सफल कप्तान हैं तो टीम को सबसे अधिक हार भी उन्?हीं की कप्?तानी में मिलीं है। उनकी कप्तानी में टीम को 29 टेस्ट (28 में दक्षिण अफीका और एक में आईसीसी एकादश के कप्तान) में हार का सामना करना पड़ा है। इस मामले में दूसरे स्थान पर न्यूजीलैंड के कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग और तीसरे स्थान पर इंग्लैंड के जो रूट व वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा हैं। फ्लेमिंग की कप्तानी में कीवी टीम को 27 टेस्ट और रूट व लारा की कप्तानी में उनकी टीम को 26-26 टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा। स्मिथ कप्तानी के साथ ही अपने शानदार बल्लेबाजों के लिए भी जाने जाते हैं। टेस्ट क्रिकेट में 117 टेस्ट में उन्होंने 48.25 के औसत से 9265 रन बनाए जिसमें 27 शतक भी हैं। 109 टेस्ट में कप्तानी के अलावा स्मिथ ने 150 एकदिवसीय अफीकी टीम की कप्तानी भी है जिसमें 92 मैच में टीम को जीत मिली, 51 में हार, एक मैच टाई रहा जबकि छह में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका। उन्होंने 27 टी20 में दक्षिण अफीका टीम की कप्तानी की जिसमें से 18 में टीम को हार मिली जबकि 9 में हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपने करियर में पांच दोहरे शतक भी लगाये हैं। वह भारतीय टीम के पूर्व तेज जहीर खान के सबसे अधिक 14 बार शिकार बने।

## भारत-पाक द्विपक्षीय श्रृंखला को लेकर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने दिखाई रुचि: रिपोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली -क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला की मेजबानी में रुचि व्यक्त की है, क्या बीसीसीआई और पीसीबी दोनों के बीच मैचों के लिए आपसी सहमति से सहमत होंगे। भारत और पाकिस्तान ने 2012-13 के बाद से कोई द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली है और दोनों देश केवल विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जैसे वैश्विक आईसीसी आयोजनों में ही भिड़ते हैं।

दोनों एशियाई देश इस नवंबर में एक ही समय पर ऑस्ट्रेलिया में होंगे, क्योंकि सीए ने 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के लिए भारत के पहुंचने से कुछ समय पहले पाकिस्तान के साथ अपने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा की थी, जिसमें तीन एकदिवसीय मैच और तीन टी20 मैच खेले जाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार सीए के क्रिकेट संचालन प्रबंधक पीटर रोच ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय संस्था भारत और पाकिस्तान के बीच मैच की मेजबानी करने में सक्षम होना पसंद करेगी और दोनों देशों के बोर्डों के प्रति रुचि व्यक्त करना जारी रखेगी।

रोच ने कहा, 'हम हमेशा मैचों और सामग्री के अवसरों में रुचि रखते हैं जो हमारे प्रशंसकों को शामिल करेंगे और यह कहना उचित है कि दुनिया का हर देश भारत और पाकिस्तान को अपने देश में प्रतिस्पर्धा करते देखना पसंद करेगा। हम रिकॉर्ड पर कह रहे हैं कि हम उन देशों में से एक हैं जिन्होंने सवाल पूछा है। इस समय कार्यक्रम में ऐसा करने के लिए कोई जगह नहीं है लेकिन हम उनसे किसी भी अन्य अवसर के बारे में बात करते रहेंगे। लेकिन इस विशिष्ट उदाहरण में, उस शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है।'

2022 में एमसीजी में प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच टी20 विश्व कप मुकाबले के टिकट पांच मिनट के भीतर बिक गए थे जिससे 90,000 से अधिक प्रशंसक आकर्षित हुए। इसी तरह 2015 में एडिलेड में हुई भिड़ंत भी काफी चर्चित रही थी। इस मांग ने सुझाव दिया होगा कि भविष्य में पाकिस्तान-भारत मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया एक आदर्श तटस्थ स्थल हो सकता है।

सीए के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने भी द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए दो एशियाई देशों की मेजबानी करने की इच्छा दोहराई। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि जो कोई भी एमसीजी में भारत-पाकिस्तान मैच के लिए यहां आया था, वह इसे सबसे यादगार अवसरों में से एक के रूप में याद रखेगा, न कि केवल खेल के अवसरों में, जहां मैं कभी गया हूं। अगर अवसर मिला तो हम इसकी मेजबानी करना पसंद करेंगे यदि हम कोई भूमिका निभा सकते हैं, तो हमें



अच्छा लगेगा।' उन्होंने कहा, 'हम पाकिस्तान की मेजबानी करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हम भारत की मेजबानी करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। अगर हम मदद कर सकते हैं, तो यह बहुत अच्छा है। लेकिन मुझे लगता है कि कई मायनों में, यह एक द्विपक्षीय श्रृंखला है।'

# सफेद बालों को नेचुरल तरीके से करें काला

युवा सफेद बालों को लेकर काफी परेशान होते रहते हैं। सफेद बालों की समस्या से निजात पाने के लिए कई बार लोग हार्मफुल केमिकल वाले कलर लगा लेते हैं। जिसके कारण उनके बालों का रंग खराब होने के साथ ही ग्रोथ भी खराब हो जाती है। साथ ही बाल भी झड़ने और टूटने लगते हैं। इन केमिकल वाले कलर लगाने से बाल कमजोर होने के साथ ही रूखे हो जाते हैं। वहीं कई बार गलत लाइफस्टाइल भी बालों के असमय सफेद होने के लिए जिम्मेदार होती है।



## आदतें सुधारें

कई बार अनहेल्दी फूड्स और गलत आदतें समय से पहले ही बालों को सफेद करने लगती हैं। इसके अलावा धूल-धूप, मिट्टी, प्रदूषण और तनाव के कारण भी बाल कम उम्र में सफेद होने लगते हैं। अगर आप भी बालों के असमय सफेद होने से परेशान हैं तो आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप नेचुरल तरीके से अपने बालों को काला कर सकते हैं।

## कॉफी और हिना

सफेद हो रहे बालों को नेचुरल तरीके से काला करने के लिए मेहंदी सबसे अच्छा तरीका है। मेंहदी में प्राकृतिक कलर पाया जाता है। जो बालों को प्राकृतिक रंग देता है। ऐसे में बालों को अच्छा और सही कलर देने के लिए इसमें कॉफी पाउडर मिलाकर लगाएं। बता दें कि कॉफी में कैफीन की मात्रा पाई जाती है। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। कॉफी का भूरा रंग बालों को चमक और रंग देने का काम करता है। इसलिए मेंहदी और कॉफी को अच्छे से मिक्स कर डाई की तरह बालों में अप्लाई किया जाता है।

## ऐसे लगाएं

मेंहदी और कॉफी का अच्छे से पेस्ट बनाने के लिए सबसे पहले पानी को गर्म करें। पानी गर्म होने के बाद इसमें कॉफी को डालकर उबालें और फिर पानी ठंडा होने के बाद इसमें मेंहदी पाउडर मिलाकर अच्छे से मिक्स कर लें। इस पेस्ट को बनाने के बाद इसे 1 घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। बालों में इस पेस्ट को अप्लाई करने से पहले इसमें नारियल का तेल लगा लें। फिर बालों में इस पेस्ट को लगाने के बाद 3-4 घंटे तक छोड़ दें। इसके बाद पानी से बालों को धुल लें। मेंहदी और कॉफी के पेस्ट से आपको बालों पर आपका मनचाहा कलर मिलेगा। साथ ही यह आपके सफेद बालों को भी आसानी से छुपा देंगे।

# गर्मियों के खास स्टाइलिंग टिप्स

गर्मी मौज-मस्ती और सुकून का मौसम है, लेकिन यह कई पुरुषों के लिए परेशानी का समय भी हो सकता है। गर्मी और उमस आपकी त्वचा, बालों और समग्र रूप पर कहर बरपा सकती है, जिससे एक अस्वच्छ और अनाकर्षक रूप दिखाई देता है। हालांकि, सही संवारने की दिनचर्या और उत्पादों के साथ, आप गर्मियों में तरोताजा रह सकते हैं और पूरे मौसम में आत्मविश्वास और आरामदायक महसूस कर सकते हैं।

## त्वचा को ठीक से साफ करें

गर्मी का मतलब है अधिक पसीना, अधिक तेल और आपकी त्वचा पर अधिक गंदगी। अपनी त्वचा को साफ रखने और मुंहासों को रोकने के लिए, दिन में दो बार अपना चेहरा साफ करना महत्वपूर्ण है। एक सौम्य, डी-टैन वरना मुँहासे विरोधी फेस वाश का उपयोग करें जो त्वचा को आराम देता है और फिर से जीवंत करता है और आपके छिद्रों को बंद नहीं करता है या आपकी त्वचा से इसके प्राकृतिक तेलों को नहीं छीनता है। गर्म पानी से बचें, क्योंकि यह आपकी त्वचा को शुष्क कर सकता है और इसे जलन के प्रति अधिक संवेदनशील बना सकता है। इसके बजाय, अपना चेहरा धोने के लिए गुनगुने या कमरे के तापमान के पानी का उपयोग करें।

## त्वचा को मॉइस्चराइज करें

स्वस्थ, चमकती त्वचा के लिए हाइड्रेशन महत्वपूर्ण है, खासकर गर्मियों के दौरान जब गर्मी आपकी त्वचा को रूखा और परेशान कर सकती है। एक हल्के, तेल मुक्त मॉइस्चराइजर का उपयोग करें जो आपके छिद्रों को बंद नहीं करेगा, और सुबह और शाम को अपना चेहरा साफ करने के बाद इसे लगाएं। हाइलूरोनिक एसिड जैसे अवयवों की तलाश करें, जो नमी को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं और आपकी त्वचा को भरा हुआ और हाइड्रेटेड रख सकते हैं।

## दाढ़ी का खास ध्यान रखें

गर्मी के महीनों में दाढ़ी असहनीय हो सकती है, जिससे खुजली और परेशानी हो सकती है। अपनी दाढ़ी को ट्रिम और साफ रखने से ऐसी समस्याओं से बचा जा सकता है। अपनी दाढ़ी को मुलायम और नमीयुक्त रखने के लिए बियर्ड ऑयल या बाम का इस्तेमाल करें। दाढ़ी में लगाए जाने वाली लोशन आपकी त्वचा को संतुलित करने में मदद कर सकता है और आपके चेहरे की त्वचा और दाढ़ी के बालों को मुलायम, पोषित, हाइड्रेटेड और स्वस्थ रखने में मदद करेगा। ऐसे लोशन की तलाश करें जिसमें विच अल्फा बिसाबोलोल, विटामिन ई या बादाम का तेल जैसे प्राकृतिक तत्व हों, जो आपकी दाढ़ी को नरम और पोषण देने के लिए मॉइश्चराइजेशन और आपके चेहरे को हाइड्रेट करने में मदद कर सकते हैं।

## होठों की देखभाल

गर्मी के महीनों में आपके होंठ भी रूखे और फटे हो सकते हैं, इसलिए उन्हें कुछ अतिरिक्त देखभाल करना महत्वपूर्ण है। अपने होठों को रूखेपन से बचाने के लिए लिप बाम का प्रयोग करें और आवश्यकतानुसार इसे पूरे दिन में एक से अधिक बार लगाएं। ऐसे लिप बाम की तलाश करें जिसमें आपके होठों को मुलायम और हाइड्रेटेड रखने के लिए शिया बटर या नारियल तेल जैसे पौष्टिक तत्व हों।

## बालों को छोटा और स्टाइल करके रखें

लंबे बाल गर्मियों में परेशानी का सबब बन सकते हैं, जिससे आप गर्म और असहज महसूस करते हैं। अपने बालों को छोटा करके रखने से आप न केवल अच्छे दिख सकते हैं बल्कि आपको कूल भी रख सकते हैं।
अंत में, गर्मियों में तरोताजा रहने के लिए पुरुषों की ग्रूमिंग और स्टाइलिंग आवश्यक है। सही उत्पादों और दिनचर्या के साथ, आप वर्ष के सबसे गर्म महीनों में भी एक साफ और आकर्षक उपस्थिति बनाए रख सकते हैं। हम पुरुषों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप सर्वश्रेष्ठ ग्रूमिंग उत्पादों को प्रदान करने में विश्वास करते हैं। तो, आगे बढ़ें और इस गर्मी में तरोताजा और स्टाइलिश रहने के लिए इन टिप्स और उत्पादों को आजमाएं।



# बगल का पसीना नहीं करेगा परेशान, करें ये उपाय

गर्मी के मौसम का सबसे बड़ा सिरदर्द होता है पसीना। चाहे कितने ही अच्छे कपड़े पहन लें, लेकिन ये पसीना कहीं भी अच्छे से हाथ उठाने लायक नहीं छोड़ता। ये परेशानी खासतौर से उन लोगों के लिए आफत बनकर आती है, जिन्हें बहुत ज्यादा स्वेटिंग होती है। इस स्थिति से निपटने के लिए लोग न जाने क्या-क्या तरकीबें अपनाते हैं, लेकिन इनके सफल होने की कोई गारंटी नहीं होती। हद से ज्यादा पसीना आना मेडिकल टर्म में हाइपरहाइड्रोसिस कहलाता है। ये स्थिति दो वजह से हो सकती है। पहली, प्राकृतिक रूप से शरीर पर ज्यादा पसीना बनना और दूसरी, बाहरी परिस्थितियों के चलते एक्सेसिव स्वेटिंग होना।



**क्या होता है**

कई बार हाइपरहाइड्रोसिस शरीर के किसी विशेष भाग को ज्यादा प्रभावित करता है, जिसका अर्थ ये है कि उस जगह पर अन्य भागों के मुकाबले अधिक पसीना आता है। इसमें सबसे कॉमन बॉडी पार्ट अंडरआर्म्स होते हैं। इसके अलावा हाथों व पैरों पर भी ज्यादा स्वेटिंग की परेशानी हो सकती है।

**लगाएं डियोडोरेंट्स**

ये पूरी स्थिति बहुत ही शर्मिंदगी पैदा कर सकती है। कई बार तो ये आत्मविश्वास पर असर डालते हुए आम जीवन को भी प्रभावित कर देती है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए डॉक्टर किरण ने एंटीपर्सपिरेंट डियोडोरेंट इस्तेमाल करने की सलाह दी। इसमें उन्होंने मिनरल्स बेस्ड और अरारोट पाउडर बेस्ड डियोडोरेंट्स को बेस्ट ऑप्शन बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि इन एंटीपर्सपिरेंट का इस्तेमाल दिन में दो बार करें।

**ट्रीटमेंट**

हाइपरहाइड्रोसिस से जूझ रहे लोग बोटॉक्स और रेडियो फ्रीक्वेंसी ट्रीटमेंट भी ले सकते हैं। वहीं उन्होंने बगलें धोने के लिए बेंजॉल बेस्ड वॉश को इस्तेमाल करने की सलाह दी, जो पसीने की बदबू को कम करने में मदद करेगा।

# बिना मेकअप के दिखें खूबसूरत



खूबसूरत दिखने के लोग पार्लर जाकर हजारों रुपये खर्च कर देते हैं। इतना ही नहीं लड़कियां हजारों के मेकअप प्रोडक्ट खरीदती हैं। पर, कई बार केमिकल वाले मेकअप प्रोडक्ट सीधा आपकी स्किन को नुकसान पहुंचाते हैं। केमिकल वाले प्रोडक्ट को लगाने से चेहरे पर पिंपल्स होने लगते हैं। सिर्फ सही खानपान, फिटनेस, त्वचा की देखभाल आदि की मदद से आप निखरती त्वचा पा सकती हैं। आइए इन टिप्स के बारे में जानते हैं।

**डाइट में शामिल करें हेल्दी चीजें**

बिगड़ी हुई लाइफ स्टाइल का सीधा असर आपकी स्किन पर पड़ता है। इसलिए अपनी डाइट में पौष्टिक तत्वों से भरपूर आहार को शामिल करें। इसके लिए आप अपनी डाइट में प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल्स से भरे फूड को शामिल कर सकते हैं।

**बढ़ाएं पानी की मात्रा**

गर्मियों के समय में शरीर को हाइड्रेटेड रखना बेहद जरूरी होता है। इसलिए इस मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। इससे स्किन से जुड़ी कई परेशानियां दूर होंगी। सामान्य तौर पर एक व्यक्ति को दिन में सात से आठ गिलास पानी पीना चाहिए।

**लें पूरी नींद**

अगर आप कम नींद लेंगी तो इसका असर आपके चेहरे पर दिखेगा। कोशिश करें कि कम से कम सात घंटे की नींद लें। इससे आपकी स्किन ग्लोइंग दिखेगी।

**स्किन केयर का रखें ध्यान**

भले ही आप पार्लर ना जाती हों, पर घर पर ही नियमित रूप से क्लीनिंग, मॉश्चराइजिंग, स्क्रबिंग, टोनिंग करती रहें। घर से बाहर निकलते समय सनस्क्रीन जरूर लगाएं।

**तनाव को कहें बाय-बाय**

तनाव आपके शरीर में कई तरह की परेशानियों को जन्म देता है। इसकी वजह से ही डार्क सर्कल होने लगते हैं। इसलिए तनाव को मैनेज करें और प्लानिंग से काम करें।

# डैंड्रफ हटाएं पपीते से

अमूमन लोग डैंड्रफ की समस्या को दूर करने के लिए कई तरह के एंटी-डैंड्रफ हेयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, अगर आप पपीते का सेवन करना पसंद करते हैं तो अब आप इसे अपने बालों पर लगाकर डैंड्रफ की समस्या का नेचुरल तरीके से इलाज कर सकते हैं। पपीते को बालों के लिए काफी अच्छा माना गया है। यह ना केवल हेयर ग्रोथ में मददगार है, बल्कि यह बालों की नमी को बनाए रखते हुए डैंड्रफ को भी दूर करता है।



**पपीता और एलोवेरा जेल**

एलोवेरा में नेचुरली एंटी-बैक्टीरियल प्रॉपर्टीज होती हैं। यह हेयर ग्रोथ को बूस्टअप करने के साथ-साथ स्कैल्प को सूदिंग इफेक्ट प्रदान करता है। साथ ही साथ, यह डैंड्रफ व स्कैल्प से जुड़ी समस्याओं को भी दूर करता है।

**इस्तेमाल का तरीका**

- सबसे पहले आप एक बाउल में पपीते का रस और एलोवेरा जेल डालकर मिक्स कर लें।
- अब आप इस मिश्रण को अपनी स्कैल्प पर लगाएं और हल्की मसाज करें।
- करीबन एक घंटे बाद अपने बालों को शैम्पू व कंडीशनर की मदद से बालों को धो लें।

**पपीता और दही**

पपीता और दही का कॉम्बिनेशन बालों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। दही आपके बालों को नमी प्रदान करता है। साथ ही, यह प्रोटीन से भरपूर है। इसमें जीवाणुरोधी और एंटीफंगल गुण होते हैं जो रूसी और स्कैल्प की खुजली को दूर करने में मदद करते हैं।

**इस्तेमाल का तरीका**

- सबसे पहले पपीते को मैश कर लें।
- अब आप इस पल्प में दही को मिक्स करें और फिर इसे अपनी स्कैल्प पर लगाएं।
- इसे 30 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें और फिर माइल्ड शैम्पू से बालों को वॉश कर लें।

**पपीता और नींबू का रस**

दही की ही तरह नींबू का रस भी डैंड्रफ को दूर करने में बेहद प्रभावी तरीके से काम करता है। नींबू स्कैल्प के पीएच को संतुलित करता है और स्कैल्प बिल्डअप को साफ करता है।

**इस्तेमाल का तरीका**

- सबसे पहले पपीते की कुछ स्लाइस लेकर उसका पल्प बना लें।
- अब इसमें नींबू का रस डालकर अच्छी तरह मिलाएं।
- अब इसे बालों पर लगाएं और आधे घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें।
- अंत में, माइल्ड शैम्पू से बालों को वॉश करें।

# कॉटन : सादगी और शाही अंदाज दोनों मिलेगा

गर्मी के लिहाज से सूती परिधान ललचाने लगे हैं। आजकल हम बिना सोचे-समझे संकर कपड़े पहनने लगे हैं- बग़ैर यह जाने कि ये कपास की संतान नहीं हैं, कृत्रिम रेशों से बने हैं। इनमें कुदरती कपास की संतान के गुण नहीं होते। विडम्बना यह है कि संसार को सर्वोत्तम सूती वस्त्र भारत की ही सौग़ात हैं। यों कपास का पौधा अमेरिकी महाद्वीप और अफ्रीका में भी पाया जाता है और प्राचीन मिस्र में भी बेहतरीन लम्बे रेशे वाले कपास से सूती कपड़े बुने जाते थे, पर भारतीय उपमहाद्वीप की बात ही कुछ और है। आज भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सूती कपड़ों का सबसे अधिक निर्यात बांग्लादेश और भारत से ही होता है।

## छींट का विदेशी नाम चिंट्ज़

छींट शब्द सुनते ही याद आने लगती है इसी नाम के कपड़े की। वास्तव में यह कैलिको नामक कपड़े की छोटे-छोटे फूलों की डिज़ाइन से सजी क़िस्म है। इतिहासकारों का मानना है कि इस छींट का नामकरण केरल के कोजीकोड (कैलीकट) नामक स्थान के अनुसार हुआ क्योंकि यहीं से उम्दा सूती कपड़े का निर्यात पश्चिमी देशों में किया जाता था। याद रहे, सन 1498 में यहीं पहले-पहल पुर्तग़ाली नाविक अन्वेषक वास्को डि गामा के पैर भारतीय ज़मीन पर पड़े थे। काल के प्रवाह के साथ गुजरात के तटीय शहर सूरत में भी कैलिको का उत्पादन होने लगा। अहमदाबाद में कैलिको संग्रहालय भारत में वस्त्र उद्योग की दिलचस्प दास्तान को अनोखी दीर्घाओं से प्रस्तुत करता है। अब छींट को गोरे 'चिंट्ज़' कहने लगे हैं और यही नाम-भेद प्रचलित हो गया है।

## स्वतंत्रता संग्राम में सूती

आज़ादी की लड़ाई के दौरान भी सूती कपड़े ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। गांधीजी ने खादी को स्वतंत्रता सेनानियों की वर्दी क़रार दिया। उनकी नज़र में यह खादी हर हाथ को काम दिलाने में समर्थ थी। स्वतंत्रता के संघर्ष के दौरान चरखा एवं तकली हमारी आत्मनिर्भरता की अभिलाषा के प्रभावशाली प्रतीक बन गए। यह भी स्मरणीय है कि गांधीजी का दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटने के बाद प्रमुख सत्याग्रह चम्पारण में ही शुरू हुआ था- नील की खेती करने को मजबूर बंधुआ मज़दूर जैसे किसानों के उत्पीड़न-शोषण के विरुद्ध।
ग़ौरतलब है कि नील का अंग्रेज़ी नाम है इंडिगो। यह इस ऐतिहासिक तथ्य को उजागर करता है कि सूती कपड़े के उत्पादन/उपयोग की तकनीकों का विकास औद्योगिक क्रांति और औपनिवेशीकरण के पहले तक भारत में ही हुआ। बहरहाल, देशप्रेमी उद्योगपतियों ने स्वदेश में कपड़ा मिलें स्थापित करके अपनी तरह से ब्रितानिया हुक़ूमत के गोरे आकाओं को चुनौती दी। वाडिया, साराभाई, मफतलाल, श्रीराम परिवारों के साथ इंदौर के हुकुमचंद जैन भी उल्लेखनीय हैं। आज भी इंदौर में कई मिलों की चिमनियां उस दौर की गवाही देती हैं।



## तकनीक ने बढ़ा दिया सुकून

सूती कपड़े के सुख बहुत और निराले हैं- शरीर परिधान के बावजूद सांस लेता रह सकता है, पसीना आसानी से सूखता है, बदन पर बोझ नहीं महसूस होता। पर इसकी कुछ दिक्क़तें भी थीं। 1950 के दशक तक 'सैंफोराइज़्ड' पद्धति का प्रसार नहीं हुआ था। धुलाई के बाद सूती कपड़े सिकुड़ जाते थे। इसीलिए सिलाने के पहले इन्हें पानी में रातभर भिगाने की सलाह दी जाती थी। इसके अथवा इन पर सलवटें आसानी से पड़ती हैं, इस्तरी टिकती नहीं। ऊन तथा रेशम की तुलना में इनकी ज़िंदगी की मियाद भी कम होती है। बहरहाल, आज तक तकनीकी प्रगति ने इन कष्टों का निराकरण कर दिया है। सूत के धागे के साथ पॉलिएस्टर या रेयॉन के धागे मिलाकर बुना गया संकर कपड़ा बाज़ार में सुलभ है पॉली वस्त्र सरीखा। ख़ालिस सूती कपड़े का सिकुड़ना भी समाप्त हो गया है।

## संपन्नता की निशानी शुद्ध सूती

शत-प्रतिशत सूती वस्त्र इधर दुर्लभ होते जा रहे हैं और मोटे अनाज की तरह इनकी क़ीमत सिर्फ संपन्न शौक़ीन ही चुका सकते हैं। लिनन तथा रेयॉन के रेशों के साथ जो मिश्रित सूती वस्त्र बनाए जाते हैं उनमें सूत के गुण होते हैं और वे कृत्रिम रेशों से बुने वस्त्रों के दोषों से मुक्त समझे जाते हैं। ख़रीदते समय ये अपेक्षाकृत महंगे लगते हैं पर इनका रखरखाव आसान होता है। टिकते भी सूत से अधिक हैं।



# सावरकर के लिए अंकिता ने नहीं ली फीस

एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे इन दिनों रणदीप हुड्डा स्टारर फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' में यमुनाबाई का किरदार निभाकर काफी सुर्खियां और तारीफ बटोर रही हैं। इस फिल्म में अंकिता लोखंडे रणदीप हुड्डा के अपोजिट हैं। फिल्म में वीर सावरकर का किरदार निभा रहे रणदीप हुड्डा की पत्नी की भूमिका अंकिता लोखंडे ने निभाई है। फिल्म के को-प्रोड्यूसर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अंकिता को लेकर एक बड़ा खुलासा किया कि कैसे अंकिता लोखंडे ने उनके करियर के बेहद कठिन दौर में उन्हें बचाने के लिए कदम आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा, 'जब मैं एक सीईओ के रूप में संजय लीला भंसाली के साथ काम कर रहा था। मैं 'राम-लीला', 'बाजीराव मस्तानी', 'मैरी कॉम', 'गब्बर इज बैक' और 'राउडी राठौड़' का को-प्रोड्यूसर था। उसी समय से मेरी एक दोस्त थी, जिसका नाम अंकिता है, जो मुझ पर विश्वास करती थी। वास्तव में, वह और कंगना रनौत उन पहले लोगों में से थीं, जिन्होंने मुझसे कहा था कि 'तुम्हें निर्देशक बनना चाहिए। संदीप जब तुम फिल्म बनाओगे तो मैं ही एक्टिंग करूंगी।' जब मैंने 'सफेद' बनाई तो मैंने उनसे संपर्क किया, लेकिन वह फिल्म नहीं कर सकीं। लेकिन जब भी मैं शूटिंग करता था तो हम संपर्क में रहते थे। जिस समय मुझे सावरकर मिली, कोई भी मेरे साथ काम नहीं करना चाहता था क्योंकि मैं बहुत सारे मीडिया ट्रायल से गुजर चुका था। मैंने उनसे कभी नहीं कहा कि कोई मेरे साथ काम नहीं करना चाहता। मैं चाहता था कि वह सावरकर में यमुनाबाई का किरदार निभाएं। अंकिता ने कहा, 'मेरी एक शर्त है कि मैं इस फिल्म के लिए कोई फीस नहीं लूंगी। मैं किसी भी रोल के लिए आपसे कोई पैसा नहीं ले सकती।'



# पॉलीटिक्स में सारा अली खान की एंट्री!

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने अपनी दमदार एक्टिंग से बॉलीवुड में काफी नाम कमाया है। एक्ट्रेस अक्सर पालिटिकल मुद्दों पर अपनी बयान बाजी को लेकर सुर्खियों में रहा करती थी। अब कंगना इस लिए सुर्खियों में हैं क्योंकि वो फाइनली राजनीति में कदम रख चुकी हैं। कंगना को बीजेपी ने लोकसभा चुनाव 2024 में हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से टिकट दिया है। इस खबर पर चर्चा चल ही रही थी अब सारा अली खान के राजनीति ज्वाइन करने वाला बयान सामने आया है। एक इंटरव्यू में सारा अली खान से पूछा गया कि क्या वो फ्यूचर में पॉलिटिक्स ज्वाइन करना चाहती हैं तो सारा अली खान ने कहा - 'हां वो भविष्य में राजनीति में कदम रखने के बारे में सोच सकती हैं।' हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है जब एक्ट्रेस ने पॉलिटिक्स में रूचि दिखाई हो। सारा का एक इंटरव्यू वायरल हुआ था जिसमें एक्ट्रेस ने अपनी क्वालीफिकेशन बताई थी। एक्ट्रेस ने कहा था उनके पास हिस्ट्री और पॉलिटिकल साइंस की डिग्री है। तो वो कभी भी पालीटिक्स ज्वाइन कर सकती हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने कहा -'ये उनके लिए बैकअप ऑपशन नहीं होगा। एक्ट्रेस ने कहा इंडस्ट्री में जब तक उन्हें काम मिल रहा है वो इधर ही रहेंगी लेकिन समय आने पर वो राजनीति में भी जाने के बारे में सोच सकती हैं।' सारा से जुड़ा ये वडियो रेडिट पर शेयर किया गया था। अब ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर अब लोग अपनी राय दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा - ये लोग अब कोई फील्ड नहीं छोड़ेंगे। बता दें हाल ही में सारा अली खान की मर्डर मुबारक और ऐ मेरे वतन के लोगों फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दो फिल्में रिलीज हुई हैं। फैंस को एक्ट्रेस की दोनों ही फिल्में खूब पसंद आई हैं। बता दें फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' में सारा अली खान ने स्वतंत्रता सैनानी उषा मेहता का रोल निभाया था। फैंस को सारा का ये अंदाज बेहद पसंद आया है। एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो इस वक्त अनुराग बासु की मेट्रो में काम कर रही है। ये फिल्म 13 सितंबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है। इसके अलावा सारा जगन शक्ति की भी एक फिल्म कर रही हैं। इस फिल्म के टाइटल का ऐलान अभी तक नहीं किया गया है।

# 'पंचायत 3' में दिखेगा बड़ा ट्विस्ट, फुलेरा में नए सचिव की एंट्री?




'पंचायत' ओटीटी की मोस्ट पॉपुलर सीरीज में से एक हैं। एक छोटे से गांव पर बेस्ड इस सीरीज में ह्यूमर भी है ड्रामा भी है और इमोशन भी हैं। इसका पहला सीजन 2020 में आया था और बहुत हिट रहा था। साल 2022 में 'पंचायत' का दूसरा सीजन आया और इसे भी दर्शकों से खूब प्यार मिला। वहीं अब 'पंचायत' के तीसरे सीजन का भी फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ये शो जल्द ही स्ट्रीम होने की उम्मीद है। हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजॉन प्राइम वीडियो ने एक इवेंट में 'पंचायत' के सीजन 3 के टीजर की एक झलक जारी की थी जिसे काफी पसंद किया गया। इस दौरान इस शो के एक दिलचस्प प्लॉट का भी खुलासा हो गया है। बता दे कि 'पंचायत' के पहले सीजन का डायलॉग "गजब बेइज्जती है" खूब पॉपुलर हुआ था और इस पर मीम्स भी बने। इस मीम को लोग आसिफ खान द्वारा शो में निभाए गए गणेश के आइकॉनिक किरदार से रिलेट करते हैं। हालांकि शो में उन्होंने ये डायलॉग नहीं बोला था।

# अदिति ने रचाई दूसरी शादी!



बॉलीवुड अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड सिद्धार्थ से शादी कर ली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों ने तेलंगाना के रंगनाथ स्वामी मंदिर में सात फेरे लिए हैं। इस शादी में दोनों के परिजन एवं नजदीकी रिश्तेदार ही शामिल रहे। उनकी शादी के लिए तमिलनाडु के पुजारियों को बुलाया गया था। जिस मंदिर में दोनों की शादी हुई वह वानापर्थी में है जहां से अदिति का खास रिश्ता है। दरअसल एक्ट्रेस के नाना वानापर्थी संस्थानम के आखिरी शासक थे। इसके अलावा उनका ताल्लुक एक शाही परिवार से है। अदिति अकबर हैदरी की परपोती हैं। उनके दादा मुहम्मद सालेह अकबर हैदरी असम के पूर्व राज्यपाल भी रह चुके हैं। ये सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी दोनों की ही दूसरी शादी है। दोनों की कलाकारों की पहली शादी टूट चुकी है और तलाक भी हो चुका है। अदिति की पहली शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी जिसे दोनों ने ही छिपाकर रखा था। बाद में दोनों अलग हो गए थे। वहीं, सिद्धार्थ की पहली शादी 2003 में हुई थी। ये शादी ज्यादा नहीं चल पाई थी और 2007 में दोनों अलग हो गए। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ अपनी लाइफ को पर्सनल रखना पसंद करते हैं और शायद यही वजह है कि उन्होंने बहुत गुपचुप तरीके से शादी रचाई है. हालांकि अभी तक कपल ने अपनी शादी की अमाउंसमेंट नहीं की है और ना ही उनकी शादी की कोई तस्वीर सामने आई है।

# बैक टू बैक फ्लॉप पर अक्षय कुमार ने तोड़ी चुप्पी



बॉलीवुड के हर स्टार्स ने अपने करियर में उतार चढ़ाव का दौर देखा है। कई बड़े-बड़े सितारों की फिल्में बैक टू बैक फ्लॉप भी रहीं। अक्षय कुमार भी इन्हीं सितारों में से एक हैं। अक्षय कुमार की पिछली कईं फिल्में एक के बाद एक बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी हालांकि एक्टर फ्लॉप फिल्में देने के बावजूद लगातार मेहनत कर रहे हैं। हाल ही में 'बड़े मियां छोटे मियां' के ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय कुमार ने बैक टू बैक फ्लॉप देने पर चुप्पी तोड़ी। बता दें कि अक्षय कुमार की पिछली रिलीज 'सेल्फी' और 'मिशन रानीगंज' बॉक्स ऑफिस पर असफल रही. एक्टर को इन फिल्मों से बड़ी उम्मीद थी हालांकि ये फिल्में दर्शकों की कसौटी पर खरी नहीं उतरीं। वहीं लगातार फ्लॉप देने पर बात करते हुए अक्षय कुमार कहा कि एक अभिनेता के रूप में वह अपनी हर फिल्म मे खूब मेहनत करते हैं, लेकिन जब बॉक्स ऑफिस पर सफलता की बात आती है, तो यह एक ऐसी चीज है जिसको कोई प्रिडिक्ट नहीं कर सकता और ना ही कोई कंट्रोल कर सकता। हम हर टाइप की फिल्म के लिए कोशिश करते रहते हैं। मैं एक ही तरह के जॉनर तक सीमित नहीं रहता। मैं एक जॉनर से दूसरे जॉनर में जंप करता रहता हूं, चाहे सफलता मिले या नहीं। मैंने हमेशा इसी तरह काम किया है। मैं इसे करता रहूंगा। कुछ ऐसा जो सामाजिक हो, कुछ ऐसा जो अच्छा हो, कुछ कॉमेडी में, कुछ एक्शन में। मुझे अलग-अलग तरह की फिल्में करने में मजा आता है। इससे वास्तव में कोई फर्क नहीं पड़ता कि लोग क्या कहते हैं। भले ही लोग केवल कॉमेडी या एक्शन करने के लिए कहते हों, इसका मतलब यह नहीं है कि अभिनेता केवल इन दो जॉनर में ही अपना अटेम्पट करेगा। एक ही तरह का काम करने से उसमें बोरियत आ जाती है।

# रणबीर कपूर मां की ज्वैलरी चुराकर गर्लफ्रेंड को करते थे गिफ्ट



**द ग्रेट इंडियन कपिल शो में रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर साहनी पहले मेहमान थे। रणबीर कपूर मानते हैं कि उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड्स को रिद्धिमा की ड्रेस और मां नीतू की ज्वैलरी गिफ्ट की थी। द ग्रेट इंडियन कपिल शो में गुत्थी के किरदार में सुनील ग्रोवर ने मचाया धमाल।**

कपिल शर्मा अपने स्टैंडअप कॉमेडी और टॉक शो में सेलिब्रिटी मेहमानों को आमंत्रित करने के लिए जाने जाते हैं। कपिल, कॉमेडियन से एक्टर बने, उनके वन-लाइनर्स और कॉमिक स्किट्स से प्रसिद्धि हासिल की है। उनकी आने वाली सीरीज द ग्रेट इंडियन कपिल शो में रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर साहनी मेहमान बनकर आए थे। यह शो नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाला है, इस शो में तीनों मेहमानों ने कई खुलकर खुलासे किए। रणबीर कपूर ने अपनी गर्लफ्रेंड को मां की ज्वेलरी, बहन की ड्रेस गिफ्ट करने की बात स्वीकारी।

हाल ही में जारी प्रोमो में, रणबीर, नीतू और रिद्धिमा बाकी टीम के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं, जिसमें कपिल, सुनील ग्रोवर, कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक शामिल हैं। जैसे ही रणबीर अपनी मां और बहन के साथ पहले एपिसोड का रिबन काटते हैं, बातचीत शुरू करने से पहले सभी लोग डांस करते हैं। जब कपिल ने पूछा कि क्या रणबीर कूपर ने रिद्धिमा की ड्रेस को अपनी गर्लफ्रेंड को गिफ्ट में दी थी, तो उन्होंने यह स्वीकार करते हुए प्रतिक्रिया व्यक्त की कि उन्होंने अपनी मां के गहने भी उपहार में दिए थे। रिद्धिमा आगे कहती हैं, 'हमारी पीढ़ी ने सबसे ज्यादा मजा किया है।'

सुनील ग्रोवर, जो गुत्थी के रूप में वापस आए हैं और उन्होंने नीतू को याद दिलाया कि कैसे उन्होंने पिछले शो में से एक में बहू को दी गई स्वीकृति के प्रतीक के रूप में अपनी चूड़ियां गिफ्ट में दी थीं।

गुत्थी ने चूड़ियां लौटाने की पेशकश की और अपना मोबाइल फोन नीतू को दे दिया। जब कपिल ने टोका ये तो मोबाइल तो गुत्थी ने कहा कि कंगन बेचकर स्मार्टफोन खरीदा है।

एक मजेदार सीन में कपिल और गिन्नी चतरथ के बीच प्यारी नोकझोंक हुई। जब रणबीर कपूर ने कपिल से कहा कि वह राहा को इस शो पर लाना चाहते हैं, तो कपिल ने कहा कि मैने अपनी बेटी की देखभाल की है क्योंकि गिन्नी अपने दूसरे बच्चे के साथ गर्भवती थीं। गिन्नी ने इस पर पलटवार किया कि, 'इसके लिए कौन जिम्मेदार है।' शर्मिंदा कपिल ने कहा, 'उससे माइक छीन लो।'



# प्रत्याशी को आना होगा पैदल

## दूसरे चरण के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोकसभा चुनावों 2024 के दूसरे चरण का नामांकन आज



(बृहस्पतिवार 28 मार्च) से शुरू होकर 4 अप्रैल तक चलेगा। जानकारी के अनुसार सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक नामांकन किया जाएगा। नामांकन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

इस बारे में जानकारी देते हुए जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि गौतमबुद्धनगर लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया 28 मार्च 2024 से प्रारंभ होगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण के लिए 28 मार्च 2024 को निर्वाचन की अधिसूचना के साथ ही नामाकंन प्रकिया शुरू हो जाएगी। आयोग द्वारा दूसरे चरण के लिए नाम निर्देशन के लिए आखिरी तारीख 4 अप्रैल 2024 है। वह नाम निर्देशनों की समीक्षा के लिए 5 अप्रैल तक का समय है। इसके अलावा अगर कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहता है तो उसकी आखिरी तारीख 8 अप्रैल निर्धारित की गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल होगा।

इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद गौतमबुद्धनगर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए नामांकन प्रक्रिया जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष संख्या 105 कलेक्ट्रेट सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक पूरी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि गाड़ी की पार्किंग के लिए एलजी चौक एवं दुर्गा टॉकीज चौराहा सूरजपुर निर्धारित किया गया है। प्रत्याशियों को नामाकंन के दौरान पार्किंग स्थल तीन वाहन लाने की अनुमति होगी। सिविल कोर्ट और पुलिस मुख्यालय पर बैरिकेडिंग की जाएगी, वहां से प्रत्याशी और प्रस्तावकों को नामांकन के लिए पैदल आना होगा। नामांकन प्रक्रिया के दौरान नामांकन कक्ष में उम्मीदवार सहित पांच लोग को अंदर जाने की अनुमति होगी। साथ ही उन्होंने बताया कि नामांकन के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को जमानत राशि के रूप में 25 हजार रूपये और एससी, एसटी वर्ग के प्रत्याशी को जमानत राशि के रूप में साढ़े 12 रूपये की धनराशि जमा करनी होगी।

ऑनलाइन मोड में भी होगे नामांकन

साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए प्रत्याशी ऑनलाइन भी नामांकन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने लोकसभा 2024 चुनाव में प्रत्याशियों के नामांकन के लिए एक लिंक जारी किया गया है, जहां से प्रत्याशी ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं।

# 'बलिदान और शौर्य से भरा है राजपूतों का इतिहास'

**साहिबाबाद ( चेतना मंच )।** सेक्टर-1 वसुंधरा स्थित एक शिक्षण संस्थान में मधी क्षेत्र

## मधी क्षेत्र राजपूत सभा ने मनाया 20वां स्थापना दिवस



राजपूत सभा गाजियाबाद द्वारा अपना 20वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समाज की अनेक हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में संस्था के अध्यक्ष राम औतार सिंह ने संस्था के उद्देश्यों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह संस्था बिजनौर ,मुरादाबाद, अमरोहा तथा उधम सिंह नगर के मूल निवासियों से मिलकर बनी है जिसे मधी क्षेत्र कहा जाता है। संस्था से जुड़े लोग दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में निवास करते हैं और अपने कारोबार करते हैं। उन्होंने कहा कि राजपूतों का इतिहास हमेशा शौर्य और बलिदान का रहा है। उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने बलिदान दिए हैं और सब कुछ न्योछावर किया है। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के प्रमुख व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। समारोह की अध्यक्षता प्रकाश अस्पताल के एम.डी. डॉ. वी.एस. चौहान ने की। समारोह की विशिष्ट अतिथि एवं खिलाड़ी अलका तोमर ने इस बात पर अफसोस प्रकट किया कि क्षत्रिय समाज की लड़कियां खेलकूद अथवा अन्य सामाजिक सरोकार और राजनीतिक सरोकार के कार्यक्रमों में भाग लेने में रुचि नहीं दिखातीं।

इस अवसर पर चंद्रयान टीम में शामिल रहे मयंक राणा ने अपने अनुभव बताएं तथा उन्होंने अपना आदर्श पूर्व राष्ट्रपति एवं वैज्ञानिक अब्दुल कलाम को बताया। वरिष्ठ आईएएस भागीरथ सिंह ने युवाओं का आह्वान किया कि वह आगे आए और उच्च शिक्षा लेकर देश की सेवा करें।

समारोह में हरपाल सिंह चौहान,डा. सौरभ राजपूत, गुल शेर सिंह, तेजवीर सिंह ,योगेश कुमार, सत्येंद्र सिंह, अतेंद्र पियूष चौहान, शैलेंद्र सिंह चौहान,बिजेंद्र सिंह चौहान, प्रदीप कुमार चौहान, सुशील कुमार,अनिल कुमार ,नितिन चौहान, वेद प्रकाश सिंह चौहान, संजीव सिंह चौहान आदि उपस्थित थे।

# क्षत्रिय समाज को टिकट न मिलने से समाज में आक्रोश

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** अखंड राजपूताना सेवा संस्थान द्वारा शक्ति खंड इंदिरापुरम में दिल्ली



एनसीआर के क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया। जिसमें क्षत्रिय समाज ने इस बात पर काफी रोष जताया कि इस बार क्षत्रिय समाज को टिकट देने में सभी राजनीतिक दलों में नाइंसाफी की है। गाजियाबाद की परंपरागत सीट से भी क्षत्रिय समाज के व्यक्ति को टिकट नहीं दी गई। इस मामले में अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है लेकिन इस बार क्षत्रिय समाज बड़े से बड़ा कदम उठाने के लिए एकजुट है। संस्थान के राष्ट्रीय महासचिव वीपी सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में दिल्ली राज्य से आए आरपी सिंह ने राजपूतों की अनदेखी पर गंभीर सवाल उठाए उनका कहना था साठा 84 राजपूतों का गाजियाबाद में गढ़ है उसकी भी अनदेखी की गई है। इसे राजपूत गंभीरता से ले रहे हैं।

नोएडा से आए सुरेंद्र सिंह तंवर ने भिवानी के मुद्दे को उठाया जिसमें उन्होंने वर्षों से चली आ रही सुरक्षित सीट को बदलने की मांग की। उन्होंने कहा कि भिवानी और करनाल क्षत्रियों का गढ़ है इसके बावजूद भी विधानसभा में सभी सीट रिजर्व कर दी गई हैं। एसपी सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी को गाजियाबाद से उतारने की बात कही। उधर विवेक भदोरिया ने राजपूतों का आह्वान किया कि वे इसबार नोटा का प्रयोग करें। बीबी सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी की बात कही।

बैठक में सीमा भदोरिया ,सुप्रिया सिंह, निशा छोंकर, राजेशसिंह ,प्रदीपकुमार, महाराज सिंह पुंडीर, एसपी सिंह, रामसिंह, बीबी सिंह ,किशनचौहान, श्यामवीर सिंह भदोरिया, वेद प्रताप सिंह छोकर ,सुरेंद्र तंवर ,आरपी सिंह तंवर ,एसपी सिंह चौहान, वरुण सिंह पुंडीर, सुशीलतोमर, अनिल सोलंकी, अजय तोमर ,सुधीर कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# 'बोलचाल में गड़बड़ी, नकारात्मकता है सिजोफ्रेनिया के लक्षण'

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ साइकोलॉजी एंड एलाइड सांइसेस द्वारा ''सिजोफ्रेनिया में यात्रा-जीवन रक्षा से पुनर्वास तक और उसके आगे'' विषय पर परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया।

एम्स दिल्ली के प्रोफेसर डा राजेश सागर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक विकार एक व्यापक शब्द है जिसके अंतर्गत सामान्य मानसिक विकार और गंभीर मानसिक विकार शामिल है। सामान्य मानसिक विकार में तनाव, निराशा, उदासी आदि शामिल है जबकी गंभीर मानसिक विकार दीर्घकालिक रोग जैसे सिजोफ्रेनिया, अवसादग्रस्तता आदि शामिल है। सिजोफ्रेनिया के लक्षण को पहचानकर और रोगी के बदलते व्यवहार पर नजर रखकर मनोचिकित्सक रोगी की पहचान कर सकते है। डा सागर ने लक्षणों को बताते हुए कहा कि विचारों की कमजोरी, मतिभ्रम, अव्यवस्थित बोलचाल, अव्यवस्थित व्यवहार नकारात्मकता, इन पांच लक्षणों से किसी भी दो लक्षणों का एक माह तक दिखना सिजोफ्रेनिया हो सकता है। डा. सागर



ने कहा कि वर्तमान में आमतौर पर कई युवाओ का 20 से 30 वर्ष की आयु में सिजोफ्रेनिया के लक्षण मिल रहे है जो उनके कैरियर और प्रगति को क्षति पहुंचाता है।

चेन्नई के एससीएआरएफ के सहायक निदेशक डा कोटेश्वर राव ने कहा कि हमारा संगठन एससीएआरएफ सिजोफ्रेनिया से पीड़ित लोगों की मदद के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है जैसे पारिवारिक शिक्षा कार्यक्रम, साइको सोशल पुर्नवास कार्यक्रम आदि जो सामाजिक और व्यवसायिक में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक है।

दिल्ली के मैक्स अस्पताल के मनोचिकित्सक डा संदीप गोविल ने कहा कि सिजोफ्रेनिया के लक्षणों को प्रारंभिक स्तर पर पहचानकर उसका शीघ्र इलाज अच्छे परिणाम प्रदान करता है।

वर्ड्स ऑफ ए साइकोलॉजिस्ट की संस्थापक सुश्री सृष्टि अस्थाना ने कहा कि रोगी की देखभाल करना बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है इसलिए सदैव रोगी के लिए स्थान बनाये क्योकी वह मुक्त स्थान चाहता है।

एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ साइकोलॉजी एंड एलाइड सांइसेस की प्रमुख डा रंजना भाटिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सिजोफ्रेनिया एक मानसिक विकार है इसमें व्यक्ति वास्तविकता से अलग रहकर भ्रम का शिकार होता है।

# सामने आई होली पर अश्लीलता फैलाने वाली लड़कियां, जुर्माना सुनकर फूले हाथ-पैर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** होली के पावन पर्व पर अश्लील वीडियो बनाकर वायरल हुई




दोनों लड़कियों की पहचान हो गई है। स्कूटी पर अश्लीलता मेट्रो में बेशर्मी तथा सड़क पर अश्लीलता फैलाने वाली दोनों लड़कियां गरीब परिवार से ताल्लुक रखती हैं। दोनों लड़कियों के सिर पर रील तथा वीडियो बनाने का जुनून सवार है। पहचान होने पर दोनों लड़कियां बोल रही हैं कि यदि लोगों को उनके वीडियो में अश्लीलता नजर आई है तो वें आगे से ऐसी अश्लीलता नहीं करेंगी।

होली पर दो लड़कियों का स्कूटी तथा सड़क पर अश्लील हरकतों वाला वीडियो खूब वायरल हुआ था। वीडियो में अश्लीलता करने वाली लड़कियों की पहचान अब सार्वजनिक हो चुकी है। नोएडा ट्रैफिक पुलिस उनकी स्कूटी का 33 हजार रूपए का चालान काट चुकी है। साथ ही नोएडा पुलिस ने अज्ञात मानकर दोनों युवतियों तथा उनके युवक साथी के विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज कर ली है। एक मीडिया हाउस के रिपोर्टर ने अश्लीलता फैलाने वाली लड़कियों को तलाश कर लिया है। रिपोर्टर से बात करते हुए दोनों लड़कियों ने अपने नाम प्रीति तथा विनीता बताए हैं। स्कूटी चलाने वाले लड़के का नाम पीयूष है। वायरल वीडियो में जो लड़की स्कूटी से गिरती हुई नजर आ रही है वह लड़की प्रीति है। दिल्ली मेट्रो का जो वीडियो हाल ही में वायरल हुआ है उस वीडियो में भी यह दोनों लड़कियां प्रीति और विनीता ही थीं।

एआई का कमाल नहीं मेट्रो का है वीडियो

एक मीडिया हाउस में रिपोर्टर से बात करते हुए प्रीति और विनीता ने बताया कि जिस दिल्ली मेट्रो वाली वीडियो को एआई (आर्टीफिशियल एंटैलीजेंस) का कमाल बताया जा रहा था वह वीडियो उन्होंने बाकायदा दिल्ली मेट्रो की रेडलाइन मेट्रो में सूट किा था। रिपोर्टर ने जब लड़कियों से पूछा कि आपको नहीं लगता कि मेट्रो वाला वीडियो अश्लीलता फैला रहा है तो इस पर प्रीति ने कहा कि जब पब्लिक को बुरा लगा तो हमें भी लगा है कि वो नहीं करना चाहिए था। मेरे पास इतना दिमाग नहीं है। मैंने पहले कभी ऐसा वीडियो नहीं बनाया है। हम केवल सीढ़ियों से गिरने वाला वीडियो बनाते हैं। मैं उत्तराखंड की रहने वाली हूं।

### नहीं हैं पैसे

उन्होंने कहा, हमने अब तक इतना पैसा तो कमाया भी नहीं है कि स्कूटी का चालान भर पाएं। हमने स्कूटी का पहला वीडियो ही बनाया है। स्कूटी को हमने धीरे-धीरे पैरों-पैरों चलाया है। वहीं, स्कूटी चला रहे पीयूष ने बताया कि वो 12वीं क्लास पास है और अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहता है। वो छोटी-मोटी नौकरी भी करता है, जिसमें उनका गुजारा होता है। अब नोएडा पुलिस को इस मामले में आगे की कार्यवाही करनी है। नोएडा पुलिस का कहना है कि नोएडा में जो एफआईआर लिखी गई है उसके आधार पर अश्लीलता फैलाने वाली लड़कियों को जेल भेजा जाएगा।

### नोएडा में रहती है प्रीति

प्रीति ने बताया कि वह केवल रील्स बनाने के लिए नोएडा में रहती हैं। उनके पिता गरीब हैं, इसलिए वो पढ़ाई-लिखाई नहीं कर रही हैं। मेरे छोटे-छोटे भाई हैं। वो पढ़ाई करते हैं। हमारे पास इतने पैसे नहीं हैं। उन्होंने बताया कि करीब दो साल से रील्स बनाना शुरू किया। पहले मैं हरियाणा में रहती थी, वहां से वीडियो बनाती थी। डेढ़ साल पहले मैं नोएडा में शिफ्ट हुई। आठ महीने पहले पीयूष से जुड़ी हूं। उसके बाद उसके साथ रील तथा वीडियो बना रही हूं। उससे पहले मैं अकेले ही वीडियो बनाती थी। प्रीति ने बताया कि इंस्टाग्राम पर उनके दो अकाउंट हैं। पहले में 40 हजार और दूसरे में तीन लाख फॉलोअर्स हैं। वहीं, यूट्यूब पर भी दो चैनल हैं। जिनमें पहले में एक लाख और दूसरे में साढ़े आठ लाख फॉलोअर्स हैं। प्रीति ने कहा कि वो पीयूष से आठ महीने पहले जबकि विनीता से 15 दिन पहले ही मिली थी और उसके बाद साथ में वीडियो बनाना शुरू किया।

वहीं, दूसरी लड़की विनीता ने भी बताया कि वो भी दो साल से वीडियो बना रही हैं। पहले वो भी अकेले ही वीडियो बनाती थीं। जब से एक वीडियो दो लाख चल गया तो मुझे लालच आ गया। फिर लगा कि कोई पार्टनर मिल जाए, जिसके साथ वीडियो बना लें। तब मुझसे इंस्टाग्राम पर प्रीति जुड़ीं। उसके बाद हम दोनों की दोस्ती इतनी अच्छी हो गई है कि हम रोमांस वाले वीडियो भी बना लेते हैं।

